मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 252
बुधवार, 02 अप्रैल 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 13 लोगों की जलकर हुई मौत

**बनासकांठा, 1 अप्रैल।** गुजरात के बनासकांठा जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भयंकर विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। बनासकांठा कलेक्टर मिहिर पटेल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक फैक्ट्री के मलबे से 13 शव निकाले जा चुके हैं। पूरा आरसीसी स्लैब ढह गया था। राहत दल मलबा हटा रहा है। इस घटना में घायल हुए चार लोगों की हालत स्थिर है। पुलिस जांच जारी है, आगे की जांच के लिए एफएसएल टीम बुलाई गई है।



पटेल के अनुसार, विस्फोट उस समय हुआ जब फैक्ट्री में पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि परिसर में श्रमिकों के परिवार के सदस्य भी रहते थे और वे भी मलबे में दब गए। उप मंडल मजिस्ट्रेट नेहा पंचाल ने बताया कि विस्फोट के कारण इमारत में आग लग गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई लोग फंस गए। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में मदद के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक टीम भी मौके पर मौजूद थी।

वहीं, पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन के सुदूर पथरप्रतिमा इलाके में सोमवार रात एक घर-सह-फैक्ट्री के अंदर संग्रहीत पटाखों में विस्फोट होने से एक परिवार के बच्चों सहित कम से कम आठ सदस्यों की मौत हो गई।

स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि विस्फोट चंद्रकांत बानिक के घर-सह-फैक्ट्री के अंदर हुआ। परिवार के कम से कम तीन और सदस्य घायल हो गए, जिन्हें डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल पर पहुंचे पथरप्रतिमा से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक समीर कुमार जना ने कहा कि यह एक लाइसेंस प्राप्त फैक्ट्री थी।

## मार्च 2026 के बाद इतिहास बन जाएगा नक्सलवादः अमित शाह

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल।** नक्सलवाद अब 2026 के बाद इतिहास बनकर रह जाएगा। नक्सलवाद प्रभावित जिलों की संख्या बी घटकर अब 6 रह गई है। ये जानकारी देश के गृह मंत्री अमित शाह ने खुद दी है। एक्स पर एक पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र 6 कर एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण और सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने 13 माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उसूर थाना क्षेत्र में सात माओवादियों को तथा बासागुड़ा थाना क्षेत्र में छह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जिले में चल रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत उसूर थाना क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दल को टेकमेटला गांव की ओर रवाना किया गया था जहां उन्होंने घेराबंदी कर सात नक्सलियों-- बामन माड़वी (32), सोढ़ी हिड़मा (30), बारसे अंदा (18), बारसे हड़मा (20), देवेन्द्र रवा (19), इरपा अर्जुन (30) और सुक्का ओयाम (27) को गिरफ्तार किया। दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने 45 लाख रुपये की इनामी एक महिला नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की सदस्य गुम्माडिवेली रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सिरस्वती उर्फ दमयन्ती को मार गिराया है। रेणुका के सिर पर कुल 45 लाख रुपये का इनाम था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिले वे हैं जहां नक्सली गतिविधियां एवं हिंसा अब भी जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए कुणाल कामरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर कानूनी मुसीबत में फंसे स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कामरा के खिलाफ मुंबई की खार पुलिस ने मामला दर्ज किया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तारी से बचने के लिए कानूनी संरक्षण की मांग करनी पड़ी।

उनके वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि कामरा ने सीधे तौर पर किसी की आलोचना नहीं की है और उनकी टिप्पणियों के पीछे कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं है। हालांकि, पुलिस कथित तौर पर उन्हें गिरफ्तार करने की प्रक्रिया में थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने कामरा को जमानत हासिल करने के लिए वनूर न्यायालय में पेश होने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 7 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपनी टिप्पणी के संबंध में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने पर मुंबई पुलिस के कई अधिकारी शहर में कॉमेडियन कुणाल कामरा के आवास पर गए थे। जवाब में, कामरा ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे समय और सार्वजनिक संसाधनों की बबार्दी कहा, क्योंकि वह एक दशक से वहां नहीं रहे हैं।

### भूकंप प्रभावित थाइलैंड के दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने और थाईलैंड की आधिकारिक यात्रा के लिए 3-4 अप्रैल को बैंकॉक, थाईलैंड का दौरा करेंगे। यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। भकंप के झटके झेलने वाले थाईलैंड को लेकर भारत ने मदद का हाथ भी बढ़ाया।

इस बाबत विदेश मंत्रालय ने बीते दिनों कहा भी था कि मदद पहुंचाने को लेकर म्यांमार और थाईलैंड दोनों देशों के साथ बात हो रही है। हम उनकी सही जरूरत क्या है, इसे जानने की कोशिश कर रहे हैं। भारत हमेशा से ही इस क्षेत्र में किसी प्राकृतिक आपदा होने पर सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला होता है। पड़ोसी देश थाईलैंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप से इमारतें, एक पुल और एक बांध नष्ट हो गया।

## जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का खर्च खुद उठाएगी मस्जिद समिति, सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इनकार

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल।** सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल में शाही जामा मस्जिद के बाहरी हिस्से की सफेदी कराने का निर्देश दिया गया था और कहा गया था कि मस्जिद समिति इस कार्य पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति करे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद की पुताई के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील को विशेष रूप से यह बताने का निर्देश दिया कि मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई को लेकर क्या पूर्वाग्रह है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी की ओर से जताई गई आपत्ति पर यह निर्देश दिया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया था। मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने कहा कि



एएसआई केवल मस्जिद के भीतर की दीवार के बारे में बात कर रहा है। अदालत ने संभल के जिलाधिकारी को वर्ष 1927 में प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच हुए समझौते की मूल प्रति सुनवाई की अगली तिथि 12 मार्च 2025 को पेश करने का निर्देश दिया।

इसी समझौते के तहत मस्जिद एएसआई को सौंपी गई थी। नकवी ने दलील दी, जवाबी हलफनामे में एएसआई की रिपोर्ट पर की गई आपत्तियों के पैराग्राफ छह, सात और आठ के कथन से कोई इनकार नहीं किया गया है।

## किसान कल्याण मोदी सरकार की गारंटीः शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल।** बजट सत्र के अंतिम चार दिन बचे है। इसके हंगामेदार रहने की उम्मीद है। इसका बड़ा कारण यह है कि सरकार बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर प्रतिद्वंद्वी दलों का कड़ा विरोध है। आज ही लोकसभा में शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों का हंगामा देखने को मिला। लोकसभा में तटीय नौवहन विधेयक, 2024 पर चर्चा हुई। राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने जनगणना व जातिगत जनगणना जल्दी कराने की मांग की।



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि मोदी सरकार कृषि आय बढ़ाने और किसानों को अंतरराष्ट्रीय उर्वरक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य कृषि आय बढ़ाना है और हम इस लक्ष्य को हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। किसान कल्याण मोदी सरकार की गारंटी है।समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने मंगलवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कुछ मुद्दों को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। सदन में प्रश्नकाल समाप्त होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने विभिन्न विपक्षी सदस्यों के कार्य स्थगन नोटिस की सूचना दी। इसी दौरान सपा, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य कुछ मुद्दे को लेकर नारेबाजी करने लगे। कुछ सपा सदस्यों के हाथों में तख्तियां भी थीं। अध्यक्ष बिरला ने सदस्यों से तख्ती और पोस्टर नहीं दिखाने का आग्रह करते हुए कहा, अगर आप तख्ती लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा। मैं शून्यकाल में आपको सभी मुद्दों पर बोलने की अनुमति दूंगा। सपा के सदस्य अपने नेता अखिलेश यादव को बोलने देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान कुछ सदस्य आसन के समीप आ गए। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि भारत की टैरिफ (प्रशुल्क) नीति का उद्देश्य व्यापार को विनियमित करना, घरेलू उद्योगों की रक्षा करना और आयातित तथा निर्यातित वस्तुओं पर करों के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करना है। प्रसाद ने प्रश्नकाल में कांग्रेस सांसद के. नामदेव के एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार टैरिफ एवं भारत के आर्थिक विकास पर उसके प्रभाव के बारे में हाल ही में नीति आयोग द्वारा दिए गए बयानों से अवगत है।मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपतटीय उत्खनन को लेकर लोकसभा में मंगलवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा जताई गई चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि अब तक इस तरह की गतिविधि केरल सहित देश के किसी भी समुद्र तट पर शुरू नहीं हुई है, इसलिए उसके प्रभाव या दुष्प्रभाव का सवाल ही पैदा नहीं होता।

। ह्यमछुआरा समुदाय के समक्ष आ रही कठिनाइयोंह्न पर कांग्रेस सांसद के. सी. वेणुगोपाल के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह बात कही।

राज्यसभा में मंगलवार को विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि सरकार जनगणना और जातिगत जनगणना कराने से बचना चाहती है। उन्होंने जनगणना और जातिगत जनगणना जल्दी कराने की मांग करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में विलंब होने से बहुत सारे लोग जनकल्याण योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित हो रहे हैं।

राज्यसभा में मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) सदस्य राघव चड्ढा ने देश में न्यायिक सुधारों की मांग करते हुए न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाए जाने की जरूरत पर बल दिया। आप सदस्य ने उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया और कहा कि अदालत को न्याय का मंदिर माना जाता है और लोगों को भरोसा रहता है कि वहां अन्याय नहीं होगा।

## दिल्ली में बिजली कटौती को लेकर आप ने बीजेपी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 01 अपैल।** दिल्ली में बिजली आपूर्ति में व्यवधान को लेकर आम आदमी पार्टी रेखा गुप्ता की सरकार पर हमलावर हो गई है। आप नेताओं ने राजधानी के विभिन्न हिस्सों में बिजली कटौती के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और आप नेता आतिशी ने कहा कि मार्च के महीने में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बिजली कटौती की समस्या देखने को मिली। दिल्ली को पिछले 10 सालों से 24 घंटे बिजली मिल रही है। केंद्र सरकार के खुद के आंकड़े ये बताते हैं। पूर्व सीएम ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी इतनी निकम्मी है कि उसे सत्ता में आए अभी एक महीना ही हुआ है और इतने समय में उसने दिल्ली की अच्छी खासी बिजली व्यवस्था को बिगाड़ दिया है।

आज हम इस मुद्दे को दिल्ली विधानसभा में उठाएंगे। हालांकि, दिल्ली के बिजली मंत्री आशीष सूद ने आप पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी शहर के लोगों को गुमराह कर रही है।









# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत


-ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।

यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट,ज छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्त्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की ह्यराष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिकाह्न को रेखांकित करके अपनी ह्य2047 तक विकसित भारतह्न की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दशार्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में ह्यमहत्वपूर्ण भूमिकाह्न निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्वलित हुई। उसी संघ के आंगन में नरेन्द्र मोदी के जाने पर अलग-अलग कयास लगाने एवं स्तरहीन राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इस पर ज्यादा आश्चर्य भी जताने का कोई औचित्य इसलिये नहीं है कि कोई अपने घर, अपने संस्कार-भूमि एवं अपनी पवित्र पाठशाला में गया है। संघ उनकी राजनीति की आत्मा तो है ही, जीवन-संस्कारदाता भी है। उनका संघ से रिश्ता दशकों पुराना है। नरेन्द्र मोदी के साथ संघ भी हमेशा चट्टान की तरह खड़ा रहा है। खुद को संघ के प्रचारक मानने वाले मोदी समय-समय पर संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी संघ को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने ह्यसमर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा।ह्न

निश्चित ही संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर-राजनीतिक संगठन है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा उसका मूल उद्देश्य है। संघ की स्थापना राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो रही थी, हिन्दू समाज पर रह-रह की हमले हो रहे थे, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास से हिन्दू समाज भयभीत था एवं लगातार कमजोर हो रहा था, इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने का प्रयास संघ ने प्रभावी ढंग किया और यह उन अभिजात्य लोगों को बहुत पसंद नहीं आया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्याग कर अपनी विदेशी शिक्षा और पश्चिमी मूल्यों के सम्पर्क में पश्चिम की नकल करने के पक्ष ?में थे। इन्हीं भारत विरोधी लोगों ने संघ पर तरह-तरह के प्रतिबंध भी लगाये, लेकिन उनके आरोप पूरी तरह निराधार पाये गये। संघ अपनी सकारात्मक सोच, सेवा एवं समर्पण के बल पर निरन्तर आगे बढ़ता रहा। संघ का एक ही भाव था कि बतौर राष्ट्र भारत पुनः सशक्त स्थिति में आए जहां वह दुनिया का मार्ग दर्शन कर सके लेकिन इसके लिए पहले भारतीय समाज का रूपांतरण होना जरूरी था। समाज के रूपांतरण के लिए ?संघ ने दैनिक शाखाओं के जरिए व्यक्ति निर्माण का काम शुरू किया था। संघ के स्वयं सेवक एवं 40 से अधिक परियोजनाएं जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करके मां भारती की सेवा कर रहे हैं। कौन नहीं जानता कि 1947 में संघ के स्वयंसेवकों ने कश्मीर सीमा पर बगैर किसी प्रशिक्षण के पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर नजर रखी थी और पाकिस्तान से जान बचाकर आए शरणार्थियों के लिए ?शिविर लगाए, भोजन की व्यवस्था की थी। 1962 में भारत-चीन हमले के दौरान सैनिक आवाजाही मार्गों की यातायात व्यवस्था, रसद और आपूर्ति में मदद स्वयंसेवकों ने की थी। सेवा के साथ-साथ राष्ट्रीयता के मजबूत इरादों की तमाम चुनौतियों के बावजूद संघ लगातार विस्तार पाते हुए वृक्ष से वटवृक्ष बनने की ओर अग्रसर है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस मुख्यालय का दौरा और विपक्षी दल का नैरेटिव उगलना


अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में आरएसएस मुख्यालय का दौरा किया, जिसमें भाजपा सहित कई भौंहें उठीं, क्योंकि मोदी नागपुर में आरएसएस मुख्यालय जाने और आरएसएस का आशीर्वाद लेने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। 2014 में मोदी को आरएसएस मुख्यालय गए 12 साल हो गए हैं। अब, 12 साल बाद, मोदी नागपुर में आरएसएस मुख्यालय गए और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने गोलवलकर गुरुजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लेकिन इसकी राजनीतिक व्याख्या की जा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि इसका कोई राजनीतिक अर्थ नहीं होना चाहिए, लेकिन इस बीच भाजपा के राजनीतिक विचार की पितृ संस्था आरएसएस और आरएसएस के बीच काफी दूरियां आ गई थीं और इसकी मार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हुई थी। उस चुनाव में भाजपा ने 400 से अधिक का नारा दिया था और संघ से पर्याप्त समर्थन न मिलने के कारण भाजपा को केवल 270 सीटों से संतोष करना पड़ा था। तो भाजपा को आखिरकार एहसास हुआ और फिर भाजपा ने अपनी गलती सुधारी। उन्होंने टीम को वह श्रेय दिया जिसकी वे हकदार थीं। माना जा रहा है कि मोदी का आरएसएस मुख्यालय जाना इसी का नतीजा है।

मोदी ने कहा कि संघ एक विशाल बरगद का पेड़ है और भाजपा या आरएसएस कार्यकर्ता इसके फल हैं। लेकिन आरएसएस नेताओं के बीच एक गलत धारणा थी कि भाजपा को अपनी ताकत पर गर्व था और जेपी नड्डा ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भाजपा को अब संघ के समर्थन की आवश्यकता नहीं है। लेकिन बाद के लोकसभा चुनावों में, 2024 में, भाजपा को नुकसान हुआ और उसकी सीटें 302 से घटकर 270 हो गईं। मोदी की नागपुर यात्रा इस गलती को सुधारने का एक प्रयास था। इस पर नजर रखी जा रही है। यह कोई रहस्य नहीं है कि आरएसएस भाजपा का वैचारिक संरक्षक है। लेकिन अतीत में, भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री और वरिष्ठ नेताओं ने यह सुनिश्चित किया था कि सरकार और आरएसएस के बीच मतभेद रहे। जबकि कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि वे आरएसएस से पैदा हुए हैं, उन्होंने सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार नहीं किया है या यह दिखावा नहीं किया है कि उनका राजनीतिक करियर आरएसएस से अलग था। लेकिन मोदी ने उन सभी का बलिदान दिया है और भाजपा और आरएसएस के बीच संबंधों को कभी नहीं छिपाया है। जो प्रधानमंत्री मोदी ,नड्डा की टिप्पणी के बाद दोनों संगठनों के बीच कड़वाहट को कम करने में सफल रहे हैं। मोदी और मोहन भागवत अपनी कड़वाहट भुलाकर अयोध्या में राम मूर्ति स्थापना समारोह में एक साथ मंच साझा कर चुके हैं। कल नागपुर में बोलते हुए मोदी स्वयं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि संघ भारत की राष्ट्रीय संस्कृति का कभी न खत्म होने वाला अक्षय वट वृक्ष है।

टीम अब 100 साल मना रही है। मोदी का नागपुर दौरा भी इसी मौके पर था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आरएसएस और भाजपा के बीच की खाई को पाटा जाएगा और लोगों को एक अच्छी सरकार देने के लिए दोनों संगठन फिर से एक साथ आएंगे। मोदी ने संघ की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा, "संघ भारत की अमर संस्कृति का अमर वट वृक्ष है। अब जब मोदी ने पहल की है, तो यह मानना सुरक्षित है कि आरएसएस और भाजपा के बीच की खाई को पाटा जाएगा और उनके संबंध फिर से सामान्य हो जाएंगे। शहर के भाजपा अध्यक्ष बावनकुले यह जोड़ना नहीं भूले कि मोदी की यात्रा राजनीतिक नहीं थी। कहा जाता है कि मोदी ने आरएसएस मुख्यालय का दौरा करके इस खाई को पाट दिया है।

जो इन दोनों संगठनों के बीच संबंधों से अवगत नहीं है, कई संदेह पैदा करता है। मोदी कई वर्षों से नागपुर जा रहे हैं लेकिन एक बार भी आरएसएस मुख्यालय नहीं गए हैं। लेकिन जवाब यह है कि मोदी ने रेशम के बगीचे में जाकर सरसंघचालक पंडित गोलवलकर गुरुजी की छवि को सलाम किया। भाजपा और आरएसएस के बीच एक अटूट रिश्ता है और किसी ने इस पर आपत्ति नहीं की। नेता आरएसएस से बने होते हैं और वे इससे इनकार नहीं करते। इसलिए यह कहना कि मोदी ने आरएसएस में शामिल होना छोड़ दिया या उनके समय से ही दोनों संगठनों के बीच दरार रही है, इन दोनों संगठनों के काम से अवगत न होने जैसा है। मोदी ने अक्सर अपने अंदर के आरएसएस के स्वयंसेवकों को दिखाया है। इसलिए जब मोदी रविवार को नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पहुंचे तो काफी उत्साह था। दिलचस्प बात यह है कि मोदी ने घूमकर सभी गणमान्य लोगों के दर्शन किए। यह उनकी महानता थी कि उन्होंने अपने अंदर प्रधानमंत्री का टोरा नहीं दिखाया और यह संघ की संस्कृति थी। मोदी के चेहरे पर घर आने का संतोष झलक रहा था। यह आरएसएस के लाखों कार्यकर्ताओं के लिए राहत की बात है। नरेंद्र मोदी के आरएसएस मुख्यालय जाने और गणमान्य व्यक्तियों से मिलने से दोनों संगठनों के बीच अलगाव की भावना को कम करने में मदद मिली है और यह निश्चित रूप से मोदी की यात्रा का परिणाम है।

इस सब के उलट विपक्ष ने मोदी की भारी आलोचना की है । प्रधानमंत्री मोदी जब नागपुर पहुंचे तो सियासत का बाजार भी गरम हो गया। इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। जैसे- क्या ये संघ और भाजपा के बीच समन्वय बढ़ाने की रणनीति है, क्या 2029 में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर संघ की मुहर लगी? हिंदुत्व की सियासत को और धार देने की योजना है? इस मुलाकात का असर क्या दिल्ली की सत्ता में दिखेगा ?शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघ के मुख्यालय दौरे पर बड़ा दावा किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा प्रधानमंत्री सितंबर में रिटायर होने की योजना बना रहे हैं और नागपुर में आरएसएस मुख्यालय में उनका हालिया दौरा इसी से जुड़ा हुआ है। उद्धव गुट के नेता और सांसद राउत ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस मुख्यालय अभी क्यों गए? आज ही उन्हें ये एहसास क्यों हुआ? प्रधानमंत्री मोदी लोगों से केवल सत्ता के लिए जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि संघ अपनी पसंद के व्यक्ति को भाजपा का नया अध्यक्ष बनवाना चाहता है। भाजपा और संघ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को आरएसएस को बहुत कुछ दिया है। आरएसएस ने लोकसभा चुनाव में योगदान नहीं दिया, इसलिए भाजपा की सीटों की संख्या कम हुई हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि संघ उनका माई बाप है, वहां नहीं जाएंगे तो सुरक्षित नहीं रह सकते। इसलिए जाना जरूरी है। इसकी शुरूआत तो 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान ही हो गई थी। जब अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की रिटायरमेंट को लेकर एक रैली में बयान दे दिया। तब खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका खंडन किया था। आखिर इस नैरेटिव का मतलब क्या है? भाजपा की ओर से तो कभी इस बात को नहीं कहा गया। तो फिर विपक्ष क्यों नरेंद्र मोदी को रिटायर करना चाहता है? क्या ये प्रधानमंत्री मोदी से मिलती लगातार हार का डर है?

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि 100 साल में आरएसएस का जो इतिहास है, वह सवालों के घेरे में है। प्रधानमंत्री मोदी को और संघ प्रमुख को ये जवाब देना चाहिए कि पिछले 100 साल में आरएसएस का कोई भी प्रमुख दलित, पिछड़ा और आदिवासी क्यों नहीं बना? 100 साल में आधी आबादी की कोई एक महिला संघ की प्रमुख क्यों नहीं बनी ?शिवसेना प्रवक्ता साइना एनसी ने कहा कि ने कहा कि उद्धव ठाकरे को आपत्ति क्यों हो रही है? आपको क्या दिक्कत हो रही है? विपक्ष का काम बड़-बड़ करना हो गया है। संजय राउत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। वो बक-बक करते ही रहते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता आकाश जाधव ने कहा कि ये 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट की बाद खुद प्रधानमंत्री मोदी ने ही की थी। एलके आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को जबरदस्ती रिटायर कर दिया गया। ये एक मयार्दा है। प्रधानमंत्री मोदी पद पर रहें न रहें, ये उनका विषय है। कांग्रेस का इसमें क्या लेना-देना। भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने इन सब नैरेटिव उगलने वालों के जवाब में कहा कि नागपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण और आरएसएस के बारे में बातें की हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज भी फिट हैं। कहीं भी ये लिखित नियम नहीं है कि इस उम्र के बाद पद पर कोई नहीं रह सकता। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की पार्टी कान खोलकर सुन ले कि 2034 तक प्रधानमंत्री मोदी कहीं नहीं जाने वाले। ऐसे ही आपको रोना पड़ेगा। कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने नैरेटिव उगलने वालों व खासकर संजय राउत के बयान पर कहा कि 2029 में हम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे। उनके उत्तराधिकारी की तलाश करने की कोई जरूरत नहीं है। वह हमारे नेता हैं और पद पर बने रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता के सक्रिय रहते हुए उत्तराधिकारी को लेकर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में अनुचित है। यह मुगल संस्कृति है। इस पर चर्चा करने का समय अभी नहीं आया है।

# सागर, नदियाँ, आकाश, सितारे ईश्वर का अहसास कराते


-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

ईश्वरीय सत्ता के दर्शन प्रकृति से निकटता बनाकर ही सम्भव है। मुझे तो प्रकृति मे ईश्वर की सत्ता का आभास होता है। मै यह सोचकर अचंभित हो जाता हूं की रोज सुबह होती है, रोज शाम होती है, रात भी रोज ही होती है, समय पर यह क्रम बना हुआ है, जो अनवरत चलता रहता है। ठंड, गर्मी, बरसात का सिलसिला भी अनवरत जारी है। नदी, आकाश, सूरज, चंन्द्रमा, तारे, पेड़, जंगल, पहाड़ यह सब ईश्वरीय सत्ता के प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रकृति को ईश्वरीय सत्ता मानने का सबसे अधिक विश्वास किसी संस्कृति मे है तो वह है सनातनी संस्कृति मे जिसमे प्रकृति को ही ईश्वर मानने का विश्वास व्यक्त किया है। सूरज को अर्ध्य, पेड़ो की पूजा, नदियों को वंदन और प्रकृति के आदर का भाव जो भारतीय सनातनी संस्कृति मे दशार्या गया है, वह दुनियाँ के समक्ष उच्च मापदंड स्थापित करने वाला है। दुनियां बहुत विशाल है, एक मानव के लिये इसे पूर्ण रूप से देख पाना सम्भव भी नहीं दिखाई देता है। किंतु इंसान प्रकृति के निकट पंहुचा है। जल, थल, नभ सभी प्रकृति के विभिन्न रूप है। नदी, जंगल, सागर आकाश, पहाड़ आदि की निकटता मे ईश्वरीय दर्शन का आनुभव किया है। मैंने अपने जीवन मे सागर की यात्रा कुल दो बार की है। मुंबई के गेटवे आफ इण्डिया के सामने से जहाजनुमा बोट मे बैठकर एलीफेंटा की यात्रा का अनुभव है। अरब सागर मे गेटवे आफ इण्डिया से एलीफेंटा की गुफा पहुंचने मे आधा घंटा या इससे कम समय लगता है, किंतु अरब सागर की नीली जलराशि को चिरते हुए हमारी बोट आगे बढ़ी तो प्रकृति की सुंदरता के दर्शन हुए, समुद्र की एक अलग दुनिया है, बोट के किनारे खडे होकर हाथ मे खाने की सामग्री रखकर हाथ ऊपर करते ही सफेद रंग के सेगुल पक्षीयों का झुण्ड आपसे खाने की सामग्री अपनी चोंच मे दबाकर जब फुर्र होता है, तब समुद्री यात्रा के इस पक्ष से परिचित होने का अवसर मिलता है। पक्षीयों का यह समूह लगातार आपकी नाव के चक्कर काटते रहते है, जब तक कोई उन्हें सामग्री खिलाता रहे। सागर की यात्रा का यह पहला अवसर था। इससे पूर्व और बाद मे समुद्र देवता के दर्शन मुंबई, चेन्नई, भेंटद्वारिका और दिव मे करने का शुभावसर प्राप्त हुआ। सागर की लहरों का मचलना और खुद मे सिमटना, प्राकृतिक सुंदरता के दर्शन कराता है। सनातन संस्कृति मे समुन्द्र को देवता के रूप देखा जाता है। वरुण को जल और समुद्र का देवता कहा जाता है। रामायण मे वरुण देवता से भगवान श्रीराम द्वारा मदद मांगी जाने का प्रसंग शामिल है। हिन्दू चिंतन मे समुद्र मंथन की कथा प्रसिद्ध है, जिसमे देवताओं और असुरो ने मिलकर समुद्र मंथन किया था, जिससे अमृत और बहुमूल्य वस्तुएं प्राप्त हुई थी। जल मे सागर के बाद मानवीय सभ्यता के विकास मे नदियों का बड़ा महत्व है। भारत मे नदियों को पूजने की परम्परा भी वैदिककाल से चली आ रही है। गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज मे दुनियां ने भारतीय संस्कृति के गर्व प्रयागराज महाकुम्भ को देखा, सदियों से नदियों किनारे लगते आ रहे भारतीय संस्कृति के इन कुम्भ मेलों के आयोजनों मे भी नदियों की महत्ता को प्रतिपादित किया है, बारह वर्ष मे लगने वाले चार कुम्भ हरिद्वार गंगा, प्रयागराज त्रिवेणी संगम, नाशिक गोदावरी तट और उज्जैन शिप्रा के तट पर अनेकानेक बरसों से आयोजित होते आ रहे है। सनातन संस्कृति मे नदियों को माता कहकर सम्बोधित किया गया है। नदियों को पवित्र माना जाता है, वें जीवन और मोक्ष का प्रतिक है। जल और अन्न प्रदान करती है। भारत मे सप्तनदी मे गंगा, जमुना, सरस्वती, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी शामिल है जिनका हिन्दू पौराणिक ग्रंथो मे उल्लेख है। नदियों मे माँ गंगा के दर्शन का अवसर 5 से अधिक बार मिला ऋषिकेश, हरिद्वार, प्रयागराज और काशी गंगा किनारे यह स्थल आस्था और भक्ति के महत्वपूर्ण केंद्र है, गंगा के तेज बहाव और शीतलता का अनुभव हरिद्वार मे गंगा स्नान के दौरान हुआ, हर की पेड़ी पर हिमालय से अवतरित गंगा के सबसे सुंदर और वैभव शाली रूप के दर्शन होते है। हरिद्वार उत्तराखंड मे है, इस प्रदेश को देव भूमि इसलिए कहा जाता है की यह प्राकृतिक सम्पदाओं से अच्छादित है, अपनी देहरादून और मसूरी की यात्रा के दौरान प्रकृति के निकटता से दर्शन हुए। माँ गंगा के बाद नदियों मे मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के दर्शन करने का सबसे अधिक बार अवसर मिला, अमरकंटक माँ नर्मदा के उदगम स्थल से जबलपुर मे बेहद सकरी नर्मदा की जलधारा फिर होशंगाबाद अब नर्मदापुरम सेठानी घाट पर माँ के दर्शन स्नान का अवसर महेश्वर का सुन्दर घाट और माँ नर्मदा की कलकल ध्वनिरत धाराएं जो गुजरात राज्य मे प्रवेश से पूर्व एमपी के बड़वानी जिले को पल्लवीत, पुष्पीत और सिंचित करती आ रहीं है। माँ नर्मदा के किनारे स्थित शहर धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न दिखाई देते है, नदियाँ मानव के विकास मे सहायक है, नदी किनारे स्थित शहर गांव उन्नत खेती से लगातार विकसित होते जा रहे है। पहाड़ो, जंगलो को भी सनातन संस्कृति मे महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। गिरिराज गोवर्धन को देव मान्यता प्राप्त है, इस पर्वतराज को जो यूपी के मथुरा जिले से 22 किलोमीटर की दुरी पर स्थित है, भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के कोप से बचाने के लिये 7 दिनों तक अपने वाम हस्त की कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन को उठाकर रखा था। अपने जीवन मे सतपुड़ा के पर्वतों को निकटता से देखा जहाँ पेड़, पौधे, वनस्पति जंगलवासियों के जीवन यापन के प्रमुख साधन होते है। यहां जंगली जीव जंतु भी निवास करते है। वन विभाग ने जंगलो और जंतुओ को सहजने के लिये राष्ट्रीय उद्यान शुरू किये है। इस तरह उमरिया जिला स्थित बाँधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान मे जाने का अवसर मिला यहां वन विभाग की टीम के साथ खुले जीप वाहन मे घूमे तो देखा टाइगर और जंगल के जीव जंतु वनविभाग की उस टीम पर हमला नहीं करते जो प्रतिदिन उनके भोजन पानी और अन्य इंतजाम मे लगे होते है, वाहनो को भी पहिचानते है। सामने टाइगर अपनी मस्ती मे बैठा है, उससे कुछ ही मीटर की दुरी पर जीप मे सवार यात्री टाइगर की फोटो ले रहे है। भय यह भी की टाइगर हमला न कर दे किंतु टाइगर सहित जंगली जानवरो की देखने की यह मंशा बाँधव गढ़ मे ही पूर्ण हो सकी इस यात्रा ने प्रकृति को निकट से देखने का अवसर भी निर्मित किया। पेड़, पौधों, जीव, जंतुओं को पूजने की संस्कृति वाले देश मे देखा जा रहा है की वनों की अनाधून कटाई की जा रही है, जंगली जंतुओं का शिकार किया जा रहा है, नदियों को महज रेत की खदान और पहाड़ो को गिट्टी, मिट्टी के सासाधनों के रूप मे इस्तेमाल किया जा रहा है। जंगलो की कटाई निरंतर जारी है, जिसने पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ दिया है। मानव शरीर पंच तत्वों से बना है, भारतीय दर्शन मे इन पंच तत्वों को सभी पदार्थो का मूल माना गया है, इनसे ही सृष्टि का हर पदार्थ बना है। पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि तत्वों की महत्ता है। इन्ही तत्वों से तो हमारी प्रकृति निर्मित है। अपनी हवाई जहाज यात्राओं के दौरान बादलों के ऊपर उड़ने के अनुभव को महसूस किया। ऊंचाई से धरती को देखा जो बहुत छोटी नजर आती है। जीवन के पांच दशकों मे धार्मिक स्थलों के दर्शन किये, किंतु महसूस किया की ईश्वर प्रकृति मे बसता है, प्रकृति ही ईश्वर है। जल, जंगल, जमीन को सहजने की आवश्यकता है। भारतीय परम्पराओं मे सागर, धरती, पेड़, पौधे, पहाड़, जीव, जंतुओं मे ईश्वर का वास माना जाता है। जो प्रकृति का दोहन कर प्रकृति का नाश कर रहे है, प्रकृति का नाश करने वाले असली सनातनी नहीं हो सकते है, असली सनातनी सदैव प्रकृति पूजक रहे है। जो प्रकृति से प्रेम भी करते है और प्रकृति की रक्षा भी करते है, जो प्रकृति के निकट है, यह मानकर चलिए वह ईश्वर के सबसे अधिक करीब है।

# शक्ति पूजा का पर्व है नवरात्रि


-रमेश सर्राफ धमोरा

नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ अवतारों या स्वरूपों की पूजा करने का प्रसिद्ध त्योहार है। जिसे शक्ति या देवी के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।

नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि का त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दशार्ता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं - शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी-समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं। वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतःशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

## सनातन सामाजिक संस्था द्वारा वर-कन्या की जानकारी के लिए विशेष सभा के आयोजन में लोगों ने दिखाई जागरूकता




**आचार्य सूरजपाल यादव/डोंबीवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबीवली पूर्व स्थित कार्तिक सदन बिल्डिंग में साई ग्रुप ट्यूशन क्लासेज में सनातन सामाजिक संस्था द्वारा वर-कन्याओं के विवाह संबन्धित जानकारी के लिए विशेष लोगों की महत्वपूर्ण सभा का आयोजन संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष सुभाष यादव द्वारा आयोजित की गयी जिसमें लोगों ने उत्साह दिखाया । बतादें कि इस सभा में मुंबई महानगर के साथ ठाणे , कल्याण , भिवंडी , उल्हासनगर आदि उपनगरों से शादी विवाह में अगुवाई करने वाले असंख्य लोगों ने उपस्थित होकर सभा को सार्थक बनाने में अहम योगदान दिया । आये हुये लोगों ने शादी विवाह में व्याप्त कुरीतियों पर रोक लगाने पर विशेष बल देते हुये अपनी अपनी बातों को रखा । वहीं संस्था के अध्यक्ष सुभाष यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि सामाजिक कुरीतियों को एकाएक समाप्त नहीं किया जा सकता हमें अपने कार्यों पर ध्यान देना होगा सामाजिक कुरीतियों में दहेज प्रथा सबसे बडी समस्या है जो समाज में एक विकराल रुप में फैली हुई है हम सभी को मिलकर दहेज प्रथा का विरोध करना है । वहीं सभा की अध्यक्षता कर रहे सभाजीत रामप्यारे यादव ने कहा कि वर- कन्या का बायोडाटा एकत्रित करने लोगों के पास पहुँचाने में कुछ नियम बनाना होगा जिससे बायोडाटा का गलत उपयोग न हो सके जहां जिसको योग्य समझे वही बायोडाटा दिया जाये । जिन लोगों के बारे में लोगों को जानकारी हो उन्हीं लोगों के बच्चे बच्चियों का बायोडाटा का आदान प्रदान किया जाये । इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवक रामकिशोर यादव , भरत यादव , कृष्ण कुमार यादव , सुनील गुप्ता , राम आसरे यादव , ज्ञानप्रकाश मौर्या , सभाजीत सांचू यादव , विवेक यादव , शिवसागर यादव , महेन्द्र यादव , चंद्रजीत यादव , आचार्य सूरजपाल यादव , मुकेश चौरसिया , दुर्गाप्रसाद यादव , डा. बी पी यादव , भोला गुप्ता , हवलदार यादव , शशिकांत यादव , दीनानाथ यादव , कमलेश यादव , गुलाबधर यादव , जामवन्त यादव , अच्छेलाल यादव , रामविलास यादव , मुकेश चौरसिया , दीपक यादव , राजेश यादव , विजय शंकर यादव , मुनीराज यादव , मुलायम यादव समेत असंख्य गणमान्य लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश यादव , विवेक यादव आदि के साथ संस्था के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा है वहीं कार्यक्रम का सूत्र संचालन जय सरोज यादव ने किया ।

## नेहरू युवा केन्द्र व आधार सामाजिक संस्था के संउक्त तत्वावधान में ठाणे जिला स्तरीय क्रीडा स्पर्धा संपन्न



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भारत सरकार नेहरु युवा केंद्र ठाणे (युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय)अंतर्गत आधार सामाजिक संस्था व ह्युमिनीटी वेलफेयर असोसिएशन भिवंडी के संयुक्त तत्वाधान में ठाणे जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मिट युवा स्पर्धा स्वर्गीय मोतिराम दादोजी काटेकर क्रीड़ागण मैदान भिवंडी में संपन्न हुआ जहाँ सैकड़ो युवा युवतियों ने सहभागी होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । बतादें कि नेहरू युवा केंद्र ठाणे युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय युवाओं को प्रोत्साहन देने का कार्य सतत करते आ रही हैं इसी कड़ी में भिवंडी, ठाणे, मुरबाड, कल्याण से खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, दौड़ (रनिंग) जैसे खेलो का आयोजन किया गया जहां पर 130 युवा युवती खिलाडियों ने सहभागी होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया, जिन्हें ट्रॉफी मैडल व प्रसस्तीपत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका के पूर्व उपमहापौर मनोज काटेकर , नेहरू युवा केंद्र ठाणे के सुनील गमरे , ठाणे जिला एडवेंचर असोसिएशन सचिव राजेश जाधव , बी.एन.एन. कॉलेज के प्रशिक्षक सुरेश जाधव , आधार सामाजिक संस्था अध्यक्ष अरविंद जैसवार , सचिव मयूर बामने , खजिनदार सुशील साठे , शेषधर गुप्ता (मुन्ना भाई )आधार सामाजिक संस्था महिलाध्यक्ष हेमलता जैसवार , ह्युमिनीटी वेलफेयर असोसिएशन अध्यक्ष धम्मपाल ढगे , सोनू जैसवार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंच के रूप में विनोद नाईक , गिरीश वालांज , ओमकार ताम्बडे , प्रीति पटेल व टीम का अथक प्रयास रहा है ।

## जियोहॉटस्टार और पद्म विभूषण श्री अमिताभ बच्चन विशेष लाइवस्ट्रीम के माध्यम से राम नवमी के पवित्र उत्सव को लाखों लोगों तक पहुंचाएंगे

**मुंबई/पटना।** जियोहॉटस्टार भारत में लाइव स्ट्रीमिंग के अनुभव को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है, जिससे लाखों लोग अपने पसंदीदा आयोजनों से आसानी से जुड़ पा रहे हैं। कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ स्फेयर्स और महाशिवरात्रिः द डिवाइन नाइट लाइवस्ट्रीम की जबरदस्त सफलता, जिसने लाखों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया था, के बाद अब यह प्लेटफॉर्म 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या से विशेष लाइव स्ट्रीम के साथ दर्शकों के लिए राम नवमी के उत्सव को लाने के लिए तैयार है। समारोह में पद्म विभूषण श्री अमिताभ बच्चन राम कथा की भावपूर्ण कहानियाँ सुनाएंगे। सामुदायिक उत्सवों को टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए, यह लाइवस्ट्रीम जियोहॉटस्टार की सांस्कृतिक धरोहर को करीब लाने और लाखों दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव देने की प्रतिबद्धता दिखाता है। इस खास मौके पर, पद्म विभूषण श्री अमिताभ बच्चन भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रेरणादायक बातें साझा करेंगे। यह कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाते हुए भारत के उज्जवल भविष्य की दिशा में प्रेरणा देगा। राम नवमी के इस उत्सव में भगवान राम के जन्म और उनके अद्भुत सफर की खूबसूरती दिखाई जाएगी, जिसमें रामायण के सात कांडों को प्रस्तुत किया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम राम जन्मभूमि से लाइव दिखाए जाएंगे, ताकि दर्शक भगवान राम की दिव्यता को महसूस कर सकें। श्री अमिताभ बच्चन बच्चों के साथ एक खास सेशन भी करेंगे, जिसमें वे रामायण की कुछ रोचक कहानियां और दोहे बहुत ही सरल तरीके से बताएंगे।

# जिले के प्रमुख मुद्दों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने पत्रकारों के साथ की चर्चा

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिला परिषद के नव नियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने मंगलवार 1 अप्रैल 2025 को पत्रकारों के साथ एक औपचारिक परिचय बैठक की। इस अवसर पर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रत्येक पत्रकार से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ संवाद स्थापित किया।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने जिले में कार्य करते समय कुपोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और जल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने कहा, ₹जिले में कुपोषण की दर, शिक्षा सुविधाएं और पानी की कमी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए प्रभावी उपाय किए जाएंगे।₹ संवाद के दौरान पत्रकारों ने जिले की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कुपोषण, बाल मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, पलायन, फर्जी डॉक्टरों की समस्या, आवास योजना, जल जीवन मिशन, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं और जल संकट जैसे मुद्दों पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए पत्रकारों के सुझावों और शिकायतों को दर्ज किया। उन्होंने कहा, ₹जिले में किसी भी विभाग में अनियमितताएं पाई गईं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकारों द्वारा दिए गए सुझावों की गंभीरता से समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाएगा। मनोज रानडे ने आश्वासन दिया कि प्रशासन को अधिक सक्रिय और पारदर्शी बनाने के लिए वे संबंधित सभी पक्षों से लगातार संवाद करते रहेंगे। बैठक के दौरान जिले के समग्र विकास पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## गुढीपाड़वा के अवसर पर बोईसर में स्वागत व संकल्प फेरी आयोजित




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** गुढीपाड़वा व नववर्ष के अवसर पर मुंबई ग्राहक पंचायत के स्वर्ण वर्ष के उपलक्ष्य में बोईसर विभाग द्वारा ओसवाल एम्पायर नगर में गणपति मंदिर परिसर में संकल्प फेरी का आयोजन किया गया। यह फेरी ₹प्लास्टिक का उपयोग टालें₹ के संकल्प तहत निकाली गई। इस फेरी में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया, जिनमें कोकण मराठी साहित्य परिषद बोईसर-तारापुर शाखा, रोटरी क्लब ऑफ बोईसर, ब्राह्मण सेवा संघ बोईसर के पदाधिकारी, मुंबई ग्राहक पंचायत के स्थानीय सदस्य और आम नागरिक शामिल थे।

इस अवसर पर मुंबई ग्राहक पंचायत, बोईसर विभाग के पदाधिकारी वृषाली पारवेकर, प्रो. संजय घरत व अजित राणे ने कपड़े के थैले वितरित कर प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग को रोकने का आह्वान किया।

## ऑडी इंडिया ने पहली तिमाही के बिक्री में 17% की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** जर्मनी की लग्जरी कार निमार्ता कंपनी, ऑडी ने आज 2025 की पहली तिमाही के अपने बिक्री आंकड़ों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने 1,223 गाड़ियों की बिक्री कर सकारात्मक प्रदर्शन किया गया है। 2024 की पहली तिमाही की तुलना में इसमें 17% की वृद्धि हुई है, जो लग्जरी कार बाजार में ब्रांड की बढ़ती मांग को दिखाता है।

वर्ष 2025 की पहली तिमाही के प्रभावशाली परिणाम ऑडी इंडिया के विभिन्न प्रोडक्ट्स और सप्लाई चेन की बेहतर स्थिरता का लाभ उठाने के सफल प्रयासों को उजागर करते हैं। इस वृद्धि में प्रमुख योगदानकताओं में ऑडी द7 और ऑडी द8 जैसे मॉडलों की निरंतर लोकप्रियता शामिल है। यह अच्छा प्रदर्शन पिछले साल की तरह ही जारी है, जब ऑडी इंडिया ने भारत की सड़कों पर 100,000 गाड़ियाँ बेचने की बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ₹हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2025 की शुरूआत हमारे लिए बहुत अच्छी रही है। हमारी बिक्री में जो वृद्धि हुई है, वह दिखाती है कि हमारे ग्राहकों को ऑडी ब्रांड पर कितना भरोसा है और हमारे उत्पादों में कितनी ताकत है। 2024 में हमने सामान की आपूर्ति में आने वाली मुश्किलों का सामना किया, लेकिन अब हम भारत में लग्जरी गाड़ियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं। हम आने वाले समय में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और अनुभव प्रदान करना है।

# लिटिल आर्यन्स वार्षिक दिवस समारोह का विषय महान कपोक वृक्ष को आश्रय दें

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** लिटिल आर्यन्स प्री-के ने अपना बहुप्रतीक्षित वार्षिक पुनर्मिलन दिवस आकर्षक थीम आश्रय द ग्रेट कपोक ट्री के साथ सावित्रीबाई फुले ऑडिटोरियम, डोंबिवली में मनाया। डॉ. एक ऐसा कार्यक्रम है जो रचनात्मकता और मौलिकता के लिए जाना जाता है। रीता सोनावत, निदेशक, एम्परसैंड ग्रुप, प्राइवेट। आनंदश्री प्रेरक वक्ता, जीवन कोच और माइंडसेट गुरु डॉ. दिनेश गुप्ता, लिटिल आर्यन ग्रुप के सीईओ मनहरलाल ठक्कर, आर्य ग्लोबल स्कूल ग्रुप के संस्थापक भरत मलिक उपस्थित थे। 100% भागीदारी और मूल संगीत लिटिल आर्यन के वार्षिक दिवस को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात थी 100% भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि प्रत्येक अभिभावक केंद्र तक पहुंचा जाए। संगीतमय प्रदर्शन पूरी तरह से उनका अपना था, सभी गाने घर में ही रचे गए थे और लड़कियों ने खुद ही गाए थे। उनकी मधुर आवाज ने हॉल को खुशी और



गर्व से भर दिया और दर्शक उनकी प्रतिभा से चकित थे। नृत्य कोरियोग्राफी शिक्षक की थी। श्रोताओं को संबोधित करते हुए डॉ. रीता सोनावत ने स्कूल के समग्र कार्य की प्रशंसा की।छोटे आर्यन ने वार्षिक दिवस की थीम के रूप में पर्यावरण के बारे में पढ़ाया और बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम पैदा किया। बच्चों को इतने उत्साह और मौलिकता के साथ यह काम करते देखना वाकई खुशी की बात थी। प्रो. डॉ. दिनेश गुप्ता ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। छोटे म्यूल को आत्मविश्वास के साथ ऐसा सार्थक कार्य करते देखना, अच्छे व्यक्तियों के पालन-पोषण के प्रति स्कूल के समर्पण का प्रमाण है। एक स्थायी प्रभाव कार्यक्रम का समापन भरत मलिक के हृदयस्पर्शी संदेश के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने बच्चों के एक साथ आने के प्रयासों की सराहना कीः लिटिल आर्यन का वार्षिक स्नेह दिवस एक उत्सव से कहीं अधिक है - यह एक सीखने का अनुभव है जो बच्चों के साथ रहता है। उनकी मौलिकता और प्रकृति के साथ उनका जुड़ाव प्रेरणादायक है।एक यादगार उत्सव यह कार्यक्रम सभी उपस्थित लोगों के बीच सफल रहा। मूल संगीत, पुस्तक-आधारित विषयों और पर्यावरण-सचेत मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, लिटिल आर्यन्स ने एक बार फिर प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को अलग पहचान दिलाई है।

## सेवानिवृत्त वैज्ञानिक संजय श्रोत्रिय के सम्मान में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र,तारापुर में कार्यरत वैज्ञानिक संजय श्रोत्रिय जो एक बेहतरीन वैज्ञानिक के साथ ही साथ लाजवाब कवि भी हैं। जिनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके साथियों ने उनके सम्मान में एक भव्य काव्य संध्या का आयोजन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं संजय श्रोत्रिय ने की।मध्य रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में रतलाम के हास्य कवि धमचक मुल्तानी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था,जिन्होंने संचालन की ज़िम्मेदारी को बड़ी ही बखूबी निभाया।माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के बाद अनंत शुक्ला ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।



हास्य कवि अमित शिवकुमार दुबे ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपनी प्रस्तुति दी कवि कल्पेश यादव,कवयित्री रेणु शुक्ला,कवि अवधेश विश्वकर्मा ने भी श्रोताओं के बीच कोई विकल्प नहीं छोड़ा। कवि अवधेश राय ने विदाई गीत के साथ अपनी विशेष प्रस्तुति दी। धमचक मुल्तानी ने अपनी रचनाओं से लोगों की बहुत प्रशंसा प्राप्त की। संजय श्रोत्रिय अपने प्रति अपने साथियों का इतना लगाव देखकर पूरे कार्यक्रम के दौरान भावुक होते दिखे।उनकी प्रस्तुति के दौरान भी वह भावुकता स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रही थी।कार्यक्रम के अंत में कवि अमित कुलश्रेष्ठ ने धन्यवाद व आभार ज्ञापन करते हुए कवि सम्मेलन के समापन की घोषणा की।

## भांडुप के आर. के. शिक्षा महाविद्यालय के वार्षिक अधिवेशन में 'ज्ञान प्रवाह' के विशेष अंक का प्रकाशन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भांडुप-सिद्धिविनायक शिक्षा प्रसारण मंडल द्वारा संचालित आर.के.बी.एड. एवं डी.एड. कॉलेज, यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र और तिलक विश्वविद्यालय पुणे द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वार्षिक कला, खेल और सांस्कृतिक सम्मान और पुरस्कार वितरण समारोह हाल ही में संस्था के शैक्षणिक परिसर में स्थित स्वर्गीय श्रीराम खानविलकर सभागार में संपन्न हुआ।




इस अवसर पर रिद्धेश खानविलकर, प्रा. विदेशी, प्रा रूपेश तांबे एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की संकल्पनासे 'ज्ञान प्रवाह' का विशेष अंक प्रकाशित किया गया।

संस्था के संस्थापक निदेशक रमेश खानविलकर एवं रश्मि खानविलकर द्वारा सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. फिरदोस श्रॉफ, प्रसिद्ध लेखिका और नवदुर्गा पुरस्कार विजेता पूनम राणे, सहायक पुलिस निरीक्षक सविता जाधव, मुंबई महानगरपालिका के सुरक्षा अधिकारी प्रसाद डोके, मुंबई विश्वविद्यालय लॉ कॉलेज के व्याख्याता समीर जाधव सर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संस्थापक निदेशक रमेश खानविलकर ने प्रशिक्षित शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज प्रत्येक शिक्षक के लिए यह आवश्यक है कि वह विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ निर्भीकता, एकाग्रता, पठन संस्कृति और कौशल प्रदान करें, विद्यार्थियों के मन से भय को समाप्त करें तथा यह भावना उत्पन्न करें कि यदि ईमानदारी और मेहनत से काम किया जाए तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। आगे की शिक्षा कंप्यूटर ज्ञान के साथ-साथ कौशल पर भी आधारित होगी, जैसे जापान में छात्रों की प्रतिभा, गुण और कौशल की पहचान करके स्कूलों में शिक्षा प्रदान की जाती है। हमें ऐसा करना होगा. अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रेरक वक्ता डॉ. फिरदोस श्रॉफ ने कहा कि यह शिक्षा महाविद्यालय न केवल शिक्षक तैयार कर रहा है, बल्कि 'शिल्पकार शिक्षक' भी तैयार कर रहा है, जो यहां से स्नातक करने के बाद जिस स्कूल में जाएंगे, वहां आदर्श छात्र का निर्माण करेंगे। इस संस्था का बहुमूल्य कार्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्य प्रदान कर उनका पोषण करना है। प्रसिद्ध लेखिका सुश्री पूनम राणे ने कहा कि आरके शिक्षण शास्त्र महाविद्यालय ने 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। खानविलकर सर की प्रेरणा से प्रशिक्षित आधुनिक शिक्षक अखंड महाराष्ट्र में साने गुरुजी की तरह काम करेंगे। भांडुप के पहाड़ी क्षेत्र में 25 वर्ष पहले शुरू हुआ यह ज्ञान यज्ञ अब महायज्ञ का रूप ले चुका है। और। समीर जाधव और श्री प्रसाद डोके ने भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की। सभी प्रशिक्षित शिक्षकों ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मातोश्री गुंजई फाउंडेशन द्वारा नि :शुल्क नेत्र उपचार




**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** मातोश्री गुंजई फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क नेत्र उपचार अभियान के तहत छह लोगों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इन मरीजों ने लोक महेश गायकवाड़ का आभार जताया है। कल्याण लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और मंगेश चिवटे के प्रयासों से, साथ ही मातोश्री गुंजई फाउंडेशन के माध्यम से, कल्याण पूर्व में गरीब और जरूरतमंद नेत्र रोगियों को उचित इलाज प्रदान करने के लिए लगातार 2 वर्षों तक महेश गायकवाड़ के कार्यालय में मुफ्त नेत्र उपचार और सर्जरी की सुविधा प्रदान की गई है। इस अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच की जाती है तथा आवश्यकतानुसार सर्जरी की योजना बनाई जाती है। इस योजना के तहत 6 मरीजों की आंखों की सफल सर्जरी की गई और उन्हें सामान्य दृष्टि प्रदान की गई। यह सर्जरी मुलुंड स्थित महात्मे हेल्थ एंड हैप्पीनेस अस्पताल में की गई। सर्जरी के बाद, ये 6 नेत्र रोगी महेश गायकवाड़ के कार्यालय आए और सार्वजनिक रूप से महेश गायकवाड़ और गुंजई फाउंडेशन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com







**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# डी.फार्मा की छात्रा का शव फांसी के फंदे से लटकता पाए जाने से सनसनी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मोड़ स्थित बमैला गांव में एक छात्रा का शव उसके किराए के कमरे में पंखे से फांसी के फंदे से लटका मिला। डी.फार्मा प्रथम वर्ष की छात्रा विनीता विश्वकर्मा (23), जो सिकरारा थाना क्षेत्र के बाँकी गांव की निवासी थी, शकुंतला फामेर्सी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह अन्य छात्राओं ने उसे पानी लेने के लिए बुलाया, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। खिड़की से झांकने पर विनीता का शव पंखे से लटकता हुआ दिखाई दिया। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर क्षेत्राधिकारी केराकत अजित रजक और थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मृतका के परिजनों को सूचित करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए गए। क्षेत्राधिकारी अजित रजक ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और हर पहलू पर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस मामले में आत्महत्या और अन्य संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# पुलिस हिरासत में युवक ने की आत्महत्या, परिजनों ने किया हंगामा, थाना फूंकने की दी धमकी

आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। जिले के तरवां थाने में रविवार की रात हिरासत में रखे गए एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह परिजन थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। नाराज लोगों ने पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ किया। साथ ही थाने को फूंकने की धमकी भी दी।नूरपुर भंवरपुर उमरी गांव निवासी एक व्यक्ति ने तरवां थाने में सनी कुमार (20) हरिकांत पर अपनी पुत्री के साथ छेड़खानी करने की शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत पर पुलिस ने सनी कुमार को 29 मार्च को ही हिरासत में लेकर थाने में बिठा दिया। तब से वह थाने में ही था। रविवार की रात उसने बाथरूम में पायजामा के नाड़े से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके थाना परिसर में आत्महत्या करने से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन पुलिस ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार की सुबह जब परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो वह थाने पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। परिवार के लोगों का कहना था कि किसी व्यक्ति को 24 घंटे से अधिक थाने में नहीं रखा जा सकता। इसके बाद भी पुलिस ने 29 मार्च से उसे थाने में बिठाया था। अब कहा जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली। अगर उसने आत्महत्या की तो उसकी सूचना उन्हें दिए बगैर शव को पोस्टमार्टम के लिए क्यों भेज दिया गया? परिजन थाने के पुलिस कर्मियों पर सनी की हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। नाराज महिलाओं ने थाना फूंकने की धमकी भी दी। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि युवक ने बाथरूम में रस्सी की सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली है। युवक तरवां थाना क्षेत्र के उमरी ग्राम सभा का रहने वाला है।

# माता-पिता की डांट से नाराज किशोरी ने लगाई फांसी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के अगत्स्यकुंडा में रविवार की रात माता पिता की डांट से नाराज होकर एक किशोरी ने सुसाइड कर लिया है। उसने खुद को कमरे में बंद किया और फिर पंखे के कुंडे में रस्सी डालकर फांसी लगा ली। उस समय घर की दूसरी मंजिल पर कोई नहीं था और किशोरी कमरे में भी अकेली थी। कुछ घंटे बाद जब रात को उसका भाई छत पर गया तो बहन को फंदे से लटकता पाया। शव देखकर चीखने लगा तो परिजन भी आनन फानन में ऊपर पहुंचे। इसके बाद तो घर में कोहराम मच गया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी भी पहुंच गए और हालात देखकर पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची दशाश्वमेध थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। किशोरी की आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के अगत्स्यकुंडा निवासी दूध कारोबारी बच्चा यादव परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा उनकी दो बेटियों और एक बेटा शामिल है। इसमें राजनंदिनी सबसे बड़ी थी। शाम के समय राजनंदिनी मंदिर में दर्शन-पूजन करने गई थी। मंदिर से लौट कर वह घर आई। इसके कुछ देर बाद मकान की दूसरी मंजिल स्थित कमरे में छोटा भाई शिव गया तो उसने देखा कि उसकी बहन पंखे के फंदे सहारे लटकी हुई थी। उसने बताया कि बहन राजनंदिनी यादव (17) रविवार की शाम फंदा लगाकर जान दे दी। शिव चिल्लाया तो परिवार के लोग भाग कर मौके पर आए और सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों ने बताया कि हाईस्कूल के बाद राजनंदिनी पढ़ाई छोड़ दी थी। उधर, दशाश्वमेध थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पिता की तहरीर पर पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। किशोरी की आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# शिया ईदगाह सदर इमामबाड़ा में अदा की गई ईदुल फितर की नमाज

## ईदुल फितर इस्लाम धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व: मौलाना महफूजुल हसन खां

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। ईदुल फितर के पावन अवसर पर शिया ईदगाह सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में



आज नमाज-ए-ईद अदा की गई। इस मौके पर मौलाना महफूजुल हसन खां, इमामे जुमा एवं प्रिंसिपल जामिया इमामिया नासिरया, जौनपुर ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई। बड़ी संख्या में मोमिनीन ने इस अवसर पर भाग लिया और अल्लाह से अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। मौलाना महफूजुल हसन खां ने ईदगाह में मौजूद नमाज़ियों सहित समस्त देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईदुल फितर इस्लाम धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के बाद मनाया जाता है। इस दिन हम सभी को अपने गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलना चाहिए और समाज में प्रेम, सौहार्द तथा भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से विश्व शांति और भारत की समृद्धि के लिए दुआ की।शिया ईदगाह सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में दूसरी नमाज मौलाना उरूज हैदर खां, अध्यापक जामिया इमामिया नासिरया, जौनपुर ने अदा कराई। इस मौके पर नमाज़ियों की बड़ी संख्या मौजूद रही।इस शुभ अवसर पर मुतवल्ली एवं मेंबरान शिया जामा मस्जिद नवाब बाग इंतजामिया कमेटी, मुजाविर सदर इमामबाड़ा बेगमगंज एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने नमाज अदा करने वाले सभी मोमिनीन को ईद की बधाई दी। साथ ही, उन्होंने समाज में प्रेम, शांति और एकता को बनाए रखने की अपील की। ईदगाह में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे नमाज़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी। पूरे क्षेत्र में ईद का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, और लोग एक-दूसरे को गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं देते नजर आए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर

धर्मेंद्र कुमार शर्मा, बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बाजार में स्थित बड़ी मस्जिद पर सोमवार को सुबह ईद उल फितर के अवसर पर हजारों की तादाद में एकजुट होकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अदा कीए ईद की नमाज। तत्पश्चात नमाज अदा होने के उपरांत सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाते हुए ईद की बधाई दी इतना ही नहीं वहां पर मौजूद हिंदू समुदाय के लोगों द्वारा एक अलग भाई चारे की मिसाल पेश की गई जिसके दौरान हिंदू तथा मुस्लिम भाई एक दूसरे को गले लगाते हुए ईद की मुबारकबाद दिए। आपको बता दें कि ईद का त्योहार रमजान के पूरी एक महीने की रोज और इबादत के बाद मनाया जाता है। जिसे सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक भी कहा जाता है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद तहसीलदार राकेश कुमार क्षेत्राधिकारी विवेक सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडे के द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों से हाथ मिलाते हुए ईद उल फितर की बधाई दी।वही मस्जिद के बाहर देखते ही देखते एक विशाल मेला लग गया नमाज अदा करने के बाद लोगों के द्वारा चाट पानी पूरी तथा मिठाई का आनंद लेते हुए ईद के पर्व को हर्षोल्लास के साथ बनाएं।

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मना ईद-उल-फित्र का त्योहार

**डॉ.इम्तियाज अहमद/आफताब आलम**

मानीकलां जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के मानीकलां में सोमवार को बड़े धूमधाम से अदा की गई ईद-उल-फि त्र की नमाज अकीदत मंदों ने ईदगाह एवं मस्जिदों में जाकर अदा की नमाज मानी कलाँ ईदगाह पर हाफिज रियाज अहमद पेश इमाम के लड़के मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अमजद खान कासमी ने अपनी तकरीर में कहा। ईद-उल-फि त्र की नमाज अदा करने के बाद खुतबा जरूर सुने, अपने अगल बगल के लोगो का खास ध्यान रखे। हराम चीजो से परहेज करे अपने माता पिता का ध्यान रहे।पर्दा पर विशेष ध्यान दे, घरों में कुरान की तिलावत करे जो भी माँगना है आपने रब के आगे हाथ उठा कर मांगे वही सारे जहाँ का मालिक और खालिक है। वही सबको देने वाला है। देश की सलामती अमन-भाई चहरा व उन्नति देश खुशहाली की लिए दुआओ में उठे हाथ।







वही दुनिया में जहां जहां मुस्लिम भाई परेशान है उनके लिए भी दुआ की गई नमाज के बाद एक दूसरे से मिलकर लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी। वही बधाईयां देने का यह सिलसिला दिन भर चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर ईद की सेवइयां खाकर मुंह भी मीठा किया।मानी कलां में रविवार की शाम ईद के चांद का दीदार हुआ था।चांद दिखने की तस्दीक होते ही रोजेदार खुशी से झूम उठे थे।चांद दिखने के बाद सोमवार को जिले में धूमधाम से मनी ईद।

मानीकलाँ स्थान-पच्छिम तरह ईदगाह पर सुबह 7:00 बजे ईद उल फितर की नमाज हाफिज मोहम्मद अशहद खान अल कासमी ने अदा कराई। सरपरस्त हाफिज रियाज अहमद खान हर साल ईद की नमाज अदा कराया करते थे।मगर उनकी तबियत नासाज होने के कारण, अपने दोनों बच्चों को हिदायत दी कि एक तकरीर के फरयाद को अंजाम दे और दूसरे बच्चे से ईदु-उल फित्र की नमाज अदा कराने को कहा, पहली बार ईदगाह में एक इमाम की इमामत में ईद की नमाज आदा कराई गई। मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अमजद खान कासमी ने बहुत ही उम्दा तकरीर की और बहुत ही उम्दा करात के साथ

हाफिज मोहम्मद अशहद खान अल कासमी ने, ईद-उल-फि तर की नामज अदा कराई।मानीकलां ईदगाह में 7:00 बजे नमाज एवं मदरसा अरबिया जियाउल उलूम मानी कलां में सुबह 6:45 बजे जन्नतुल फिरदौस मस्जिद में 7:15 बजे इसके अलावा सोंगर ईदगाह में मौलाना बैतुल्लाह,बरंगी ईदगाह में मौलाना फखरूदीन,भुड़कुडहां ईदगाह मौलाना उबैद साहब,गुरैनी ईदगाह में मुफ़्ती शमीम साहब आदि।

ईदगाहों व मस्जिदों में सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक कई स्थानों पर अदा की गई।नमाज के बाद ईदगाह व मस्जिद से निकलकर लोग एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।

वही दूसरी तरफ ईद पर सुरक्षा के लिए पुलिस की विशेष चौकसी रही।पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर थानाध्यक्ष खेतासराय पुलिस बल के साथ गस्त करते दिखे। ईद के मौके पर ईदगाहों के आसपास मेले भी लगे।जिसमें मिठाइयों के साथ साथ खानपान और घरेलू जरूरतों के सामानों की दुकानें लगी थीं।

हजारों की संख्या में मानीकलाँ ईदगाह में नामज़ियों ने अदा की ईद नमाज, मोहम्मद अरशद खान प्रधान, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, मोहम्मद आमिर सिद्दीकी, मोहम्मद फैसल सिद्दीकी, मोहम्मद अफरीदी सिद्दीकी, जैन अब्दुल्लाह सिद्दीकी, सारा सिद्दीकी, कमालुद्दीन ज़िला पंचायत सदस्य, अल्ताफ अहमद, अनवारुद्दीन, नदीम अनवर, नौशाद अहमद, हाफिज मोहम्मद अखलद खान, हाजी इश्तियाक अहमद, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अब्दुल्लाह, मोहम्मद अली, महताब आलम, अल्ताफ अहमद आदि।

# दवा प्रतिनिधियों के किया 38वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। यूनाइटेड प्रोफेशनल मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन (यू.पी.एम.एस.आर.ए.), जौनपुर यूनिट का 38वां वार्षिक




अधिवेशन कल देर शाम 30 मार्च 2025 को मंगलम लॉन में संपन्न हुआ। अधिवेशन में संगठन की वार्षिक गतिविधियों और दवा उद्योग में हो रहे बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सचिव अजय चौरसिया की रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दवा उद्योग में हो रहे परिवर्तनों के साथ संगठन की वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा दिया। इसके बाद कोषाध्यक्ष अच्युत दुबे ने संगठन की आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे आम सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकार किया। इस अवसर पर यू.पी.एम.एस.आर.ए. के महासचिव विमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरोजीत मुखर्जी, रीजन-8 के कन्वेनर आशुतोष त्रिपाठी और प्रांतीय सचिव नीरज श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही। अधिवेशन के दौरान लखनऊ से आए स्टेट ऑब्जर्वर ने सरकार द्वारा श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलावों के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रम विरोधी कानूनों की आलोचना करते हुए कहा कि सेल्स प्रमोशन से जुड़े बदलावों को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के बाद यू.पी.एम.एस.आर.ए. जौनपुर यूनिट की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मनोज सिंह को अध्यक्ष, अजय चौरसिया को सचिव और अच्युत दुबे को कोषाध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा कुल 19 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव अजय चौरसिया ने किया। अधिवेशन के समापन पर नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज सिंह ने लखनऊ से आए अतिथियों और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# सेवानिवृत्त होने पर होमगार्ड जवान को दी गई विदाई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जलालपुर थाने पर तैनात होमगार्ड जवान ओम प्रकाश दुबे के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को जलालपुर थाना परिसर में प्रदीप दुबे अध्यक्ष होमगार्ड की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ व जलालपुर थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह रहे।इस मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा सभी सरकारी कर्मी को कभी न कमी सेवानिवृत्त होना है। भविष्य हेतु शुभकामनाएं देकर विदा किया। उन्होने कहा कि सुरक्षा जवान समाज में अहम भूमिका अदा करते हैं। कोरोना के समय भी



उन्होने फ्रंट पर रहकर लोगों की मदद की है। फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने कहा कि सरकारी नौकरी में पदस्थापन, स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया एक चक्के की तरह घूमती रहती है।इन सभी चक्र से सभी कर्मियों को एक बार गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया से कोई भी पदाधिकारी व कर्मचारी को आहत होने की जरूरत नही है। इस दौरान फिल्म अमिनेता चन्दन सेठ व थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने सबसे पहले सेवानिवृत्ति होमगार्ड जवान को फूल माला, शॉल अंगवस्त्र, साइकिल उपहार देते हुए भावभीनी विदाई दी गई।इस अवसर पर एसआई राकेश राय, एसआई मोहन प्रसाद, महिला एसआई चिंता राय, राकेश सिंह, पीयूष सिंह, अजय प्रताप सिंह बीओ, बृजभूषण उपाध्याय प्लाटून कमांडर, कृपाशंकर दुबे प्लाटून सहायक कमांडर, सतीश उपाध्याय उपाध्यक्ष, सुनिल मिश्रा संगठन मंत्री, सुशील उपाध्याय संरक्षक, राजेश यादव कोषागार मंत्री, राकेश सिंह, बबलू यादव, राजा गिरी, सुदर्शन मिश्रा, मयंक पटेल, मुहम्मद आजाद, रविन्द्र लाल, चन्द्रशेखर सिंह, सुनील मिश्रा, शिवधनी शर्मा, संतलाल मिश्रा, द[illegible]श्रृंगार, अभिषेक दुबे, राकेश भारती, लाल बिहारी, सुजीत, सतीश, सुशील, सुरेश मिश्रा, वेद प्रकाश, सुरेन्द्र यादव सहित थाना के सभी पुलिसकर्मी व होमगार्ड मौजूद रहे।

# शाही ईदगाह में ईद की नमाज सकुशल संपन्न, मांगी गई मुल्क की तरक्की वह अमन की दुआ

## रोजेदारों को ईनाम का दिन है ईदः मौलाना अब्दुल जाहिर

**रियाजुक हक खान**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। इस बार ईद का चांद 29 तारीख को ही नजर आने पर ईद की नमाज सोमवार को अपनी पुरानी रवायत के अनुसार समय अनुसार अदा की गई इस मौके पर शाही ईदगाह मछलीशहर पड़ाव पर इमाम मौलाना अब्दुल जाहीर ने नमाज पहले से तय समय पर अदा करवाई। उन्होंने अपने खुत्बे में बताया कि ईद रोजेदारो के ईनाम का दिन है इस दिन आपसी वैमनस्यता व दुश्मनी को भूलकर के एक दूसरे से गले मिलना चाहिए खासकर के अपने समाज और पड़ोसी का खास ध्यान रखना चाहिए।चाहे वह किसी भी मजहब से ताल्लुक रखता हो ईद एक संदेश देती है पूरी दुनिया में की हम किस तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में अपने जीवन को व्यतीत कर सकते हैं और शांतिपूर्वक तरीके से ईश्वर की उपासना कर



सकते हैं।बिना किसी भेदभाव बिना किसी ऊंची नीच ,बिना किसी जात पात के हम सबको एक दूसरे के हुकुक व अहकाम का खास ख्याल रखना चाहिए तभी समाज में आपसी सद्भाव कायम हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अखलाक के अंदर कमी भी गुनाह है।इस मौके पर शाही ईदगाह के संरक्षक मौलाना फैसल कमर सिद्दीकी ने जिले वासियों को ईद की मुबारकबाद दी वहीं कमेटी से मुख्य रूप से अबुजर अंसारी,नेयाज ताहिर शेखू, रियाजुल हक, मोहम्मद शोएब, अजीम जौनपुरी, सद्दाम सिद्दीकी, ताज मोहम्मद, दिलदार, मौलाना हम्जा, एडवोकेट मुमताज, मौलाना आफाक, जफर राजा, हाजी इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी शिविर में 143 मरीजों का हुआ इलाज

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर के कृष्णा ट्रामा एंड ज्वाइंट रिप्लेस सेंटर पर फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से 143 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ मिला। शिविर से पूर्व डॉक्टर महिपाल सिंह व डॉक्टर दीक्षा श्रीवास्तव द्वारा पैरामेडिकल की छात्राओं को स्पाइन फ्लेक्सिबिलिटी एवं पेल्विक हेल्थ फॉर हेल्थ वर्कर्स विषय पर व्याख्यान दिया गया। डा. महिपाल सिंह बताया कि फिजियोथेरेपी एक बहुत ही उपयोगी चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की गति और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में मदद करती है।




यह चिकित्सा की प्रक्रिया मुख्य रूप से शारीरिक दर्द, चोट, ऑपरेशन के बाद की रिकवरी, और मांसपेशियों तथा जोड़ के विकारों के इलाज के लिए बेहद कारगर है। फिजियोथेरेपी न केवल दर्द को कम करने में मदद करती है, बल्कि यह शरीर की लचीलापन, ताकत और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद करती है। विशेषकर बुजुर्गों, खिलाड़ियों, घंटों तक बैठा कर पढ़ने लिखने वाले बच्चों, कार्यस्थल पर शारीरिक मेहनत करने वाले लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है। फिजियोथेरेपी को हर तरह के शारीरिक इलाज का अहम हिस्सा माना जाता है और यह दवाइयों के बिना उपचार का एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका बन गया है।डा.दीक्षा श्रीवास्तव ने बताया कि ऑक्यूपेशनल थेरेपी एक चिकित्सा पद्धति है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को दैनिक जीवन की गतिविधियों में स्वतंत्रता और क्षमता प्रदान करना है। यह शारीरिक, मानसिक या संज्ञानात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। नियमित रूप से उपचार ले रहे बच्चों में मोटर स्किल्स, सेंसरी प्रोसेसिंग और सोशल-इमोशनल स्किल्स की पहचान और क्षमताओं में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है।इसके उपरांत प्रयागराज से आए डा. त्रिभुवन सिंह, नोएडा से आई डा.सुष्मिता भाटी, देहरादून से स्पेशल एजुकेटर पूनम मिश्रा ने शिविर में उपस्थित लोगों को अपनी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।कार्यक्रम संयोजक डा.रॉबिन सिंह ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जनमानस को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और दर्द तथा अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत दिलाना था। शिविर में विभिन्न प्रकार के उपचारों जैसे कि मांसपेशियों की खिंचाव, जोड़ों के दर्द, रीढ़ की हड्डी के दर्द आदि का इलाज किया गया।

मांसपेशियों को सशक्त बनाने के व्यायाम, स्ट्रेचिंग और इलेक्ट्रोथेरेपी के बारे में भी बताया गया। कई मरीजों ने बताया कि उन्हें इस शिविर से तात्कालिक आराम मिला। डा. संजय सिंह, डा.रॉबिन सिंह, प्रिंसिपल सभ्यता दूबे, डा. प्रदीप मौर्या ने आमंत्रित चिकित्सकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया व आभार व्यक्त किया।

# शाहगंज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ छात्राओं का विदाई समारोह

**शिव कुमार प्रजापति**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय शाहगंज में कक्षा आठवीं की छात्राओं का विदाई समारोह, मीना मंच के अंतर्गत 9 छात्राओं का जन्मदिन उत्सव, पुरस्कार वितरण और अभिभावक बैठक का संयुक्त आयोजन संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम एक यादगार समारोह के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें भावनाओं का सैलाब और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला।कक्षा आठवीं की छात्राओं की विदाई एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं की विदाई के साथ-साथ उनकी उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम में दिव्यांशी ने प्रथम, आकांक्षा ने द्वितीय और मानवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक सिंह, विशिष्ट अतिथि वंदना और सचिन प्रसाद ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विदाई के इस मौके पर कक्षा आठवीं की छात्राओं और उपस्थित सभी की आंखें नम हो गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ और सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मंचापूर्ति के साथ हुई। छात्रा मानसी, रानी और खुशी ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम संचालिका मानवी ने मीना मंच के तहत इस माह जन्मदिन वाली 9 छात्राओं को मंच पर आमंत्रित किया। अतिथियों ने उन्हें चंदन-तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा और उपहारों के साथ शुभकामनाएं दीं। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने रंगारंग और शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

**अभिभावकों और अतिथियों की बैठकः** अभिभावक बैठक में माता-पिता ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा, संस्कार और



शिष्टाचार की जमकर सराहना की। विशिष्ट अतिथि वंदना ने कहा, जब मेरी बेटी ने यहां दाखिला लिया, तो वह घर छोड़ने को तैयार नहीं थी।लेकिन वार्डन एकता नीलम और शिक्षिकाओं के प्यार ने उसे ऐसा जोड़ा कि आज विदाई के समय उसकी आंखों से आंसू थम नहीं रहे। यह शिक्षा और संस्कार उसके भविष्य का खजाना बनेगा। सचिन प्रसाद ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**मुख्य अतिथि का संदेशः** मुख्य अतिथि दीपक सिंह ने कहा, यहां से पास होकर जाने वाली छात्राएं शिक्षा, संस्कार और सद्गुणों को आत्मसात करें। अपने लक्ष्य निर्धारित कर समाज, देश और दुनिया में अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें।उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों की रुचि को पहचानें और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वार्डन एकता नीलम ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके साथ बिताए खट्टे-मीठे पलों को याद किया। उन्होंने कहा, अभिभावकों के सहयोग से ही हम छात्राओं को बेहतर शिक्षा और संस्कार दे पा रहे हैं। आपका यह सहयोग आगे भी जारी रहेगा, हमें पूर्ण विश्वास है।कार्यक्रम का संचालन मानवी और आभार प्रदर्शन शिक्षिका किरण मौर्या ने किया। शिक्षिकाओं किरण मौर्या, अल्पना सिंह, प्रियंका, अंकिता और रूमा ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने नृत्य के साथ इस पल को यादगार बनाया। कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं ने आठवीं की सहेलियों को गले लगाकर विदाई दी। इस दौरान छात्राओं, शिक्षिकाओं और अभिभावकों की आंखों से आंसू छलक पड़े। गमगीन माहौल में हंसी और दिलासे के असफल प्रयासों के बीच विद्यालय परिवार ने कक्षा आठवीं की छात्राओं को विदाई दी। इस समारोह में अभिभावक गुड़िया, निर्मला, संतरा, वंदना गौतम, हेमलता, भानुमती, निशा, विद्या आदि उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल एक समारोह, बल्कि भावनाओं और प्रेरणा का संगम बन गया।

# वाराणसी की निधि तिवारी बनीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्सनल सेक्रेटरी

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। वाराणसी कि निधि तिवारी बनीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्सनल सेक्रेटरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव (PS) के पद पर भारतीय विदेश सेवा (IFS) की 2014 बैच की अधिकारी निधि तिवारी की नियुक्ति की गई है। DOPT की तरफ से जारी आदेश के अनुसार निधि तिवारी वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में उप सचिव के रूप में कार्यरत थीं लेकिन अब उनकी नियुक्ति पीएम की पर्सनल सेक्रेटरी के रूप में की गई है।




आईएफएस निधि तिवारी को नवंबर 2022 में प्रधानमंत्री कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी से नियुक्त किया गया था। इससे पहले वे विदेश मंत्रालय में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रभाग में अंडर सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थीं।

# अवैध नशीले पदार्थ के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के नूर खां कुआ से मो0 अरमान पुत्र मो0 सगीर निवासी नुरखां कुआ थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को अवैध 60 ग्राम नशीला पाउडर डाइजापाम के साथ गिरफ्तार किया गया।बरामद अवैध नशीला पाउडर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 85/25 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर आरोपी मो0 अरमान उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## मुलुंड कॉलोनी में श्रीमद् देवी महापुराण कथा का आयोजन



**मुंबई**। मुलुंड कॉलोनी के श्री भवानी धाम मंदिर प्रांगण में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध पं. विशाल जोशी महाराज द्वारा कथा (प्रवचन) ज्ञान दिया जा रहा है। यह सप्ताह 30 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बाबूलाल सिंह, डॉ. आर.आर. सिंह, डॉ. सचिन सिंह, बिपीन जोशी, राजन उटवाल, हर्ष जोशी सहित कई गणमान्य लोग कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। कथा श्रवण हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित हो रही है।

## विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने स्कूल चलो अभियान को दिखाई हरी झंडी



**जौनपुर**। बदलापुर विधानसभा के भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीकृष्णानगर, बदलापुर में स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा जागरुकता रैली में सम्मिलित हुए। उन्होंने अभिनव इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल ,पुरानी बाजार में विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के साथ-साथ राष्ट्र को मजबूत करती है। देश के हर बच्चे को शिक्षित और संस्कारवान होना आवश्यक है। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद पांडेय, गंगा प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, विनोद शर्मा, अखिलेश पांडेय, बंटी शुक्ला, हरीनाथ मौर्य, राजभारत मिश्र आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत निकाली गई प्रभात फेरी

**खेतासराय ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी द्वारा जन-जागरण हेतु एक प्रभारी फेरी निकाली गई। जिसको प्रभारी चिकित्साधिकारी सोंधी डॉ. सूर्य प्रकाश यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया।इस दौरान उक्त चिकित्साधिकारी सोंधी ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी अभियान और 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार जैसी बीमारियां बहुत तेजी से फैलती है। इसके लिए आप सभी लोग साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, घर के आस-पास टूटे-फूटे बर्तन, टायर, गमले आदि न रखें, कूलर का पानी नियमित बदलें, किसी को सर्दी, खाँसी, बुखार हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाँच के कराएं आदि कराएं। रैली उक्त स्वास्थ्य केंद्र सोंधी से निकलकर मुख्य चौराहा पहुँचा। जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता से सम्बन्धित तख्तियों पर नारे लिखे हाथों में लेकर चल रही थी। रैली खेतासराय चौराहा पर जाकर सम्पन्न हो गयी। इस दौरान एआरओ विप्लव यादव, बीएमसी अवधेश तिवारी, एफएम अरुण कुमार उपाध्याय, प्रतिरक्षण अधिकारी राहुल यादव, बीपीएम सुजीत कुमार मौर्य, बीसीपीएम अशोक कुअंर कुशवाहा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## शाहगंजः शराब की दुकान को लेकर किया कोतवाली का घेराव

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। शाहगंज थाना क्षेत्र के हुब्बीगंज रोड स्थित भांदी हेनुआतर गांव समीप देशी शराब की दुकान खोलने की बात सुनकर गांव की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए थाना व कोतवाली का घेराव करते हुए क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर मामले से अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। भांदी हेनुआतर गांव निवासी दीपक मौर्या ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि खरौना ग्राम सभा का देशी शराब की दुकान भांदी हेनुआतर ग्राम सभा में जोगिन्दर मौर्या का मकान किराये पर लेकर खोली जा रही है। जिस मकान में दुकान खुल रहा है उसी मकान में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ लोग रहते हैं।आरोप है उक्त रोड पर गांव के बच्चे और बच्चियां पास में स्थित विद्यालय में पढ़ने के लिए जाते हैं। ऐसे में गांव की महिलाओं ने देशी शराब की दुकान का विरोध प्रदर्शन करते हुए थाना व तहसील में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर कृष्ण चंद यादव, संतोष कुमार, चेतन, राजेश, राशिद, इंदल, राकेश, इश्तियाक, विष्णु, आकाश, नवनीत समेत गांव की समस्त महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं कोतवाली पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच में जुटी।

## पत्रकार समाज कल्याण समिति द्वारा होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। पत्रकार समाज कल्याण समिति के तत्वाधान आज पत्रकार भवन में होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह जी विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश श्रीवास्तव, समाजसेवी दिलीप बलवानी , जिला पंचायत सदस्य संतोष अग्रहरि , जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता , प्रशांत पांडे , शिक्षा विभाग, अनामिका पांडे जी (प्रदेश महासचिव पत्रकार संघ महिला विंग) बड़े भाई दीपक श्रीवास्तव (वरिष्ठ पत्रकार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) पत्रकार एकता संघ के जिला अध्यक्ष स्वदेश कुमार , मां धर्मा देवी फाउंडेशन के संस्थापक सुरेश शर्मा , मंडल अध्यक्ष मोहन राजभर , जिला पंचायत सदस्य जलालपुर , सत्यम सिंह भाभी जिला पंचायत सदस्य एवं श्वेता मेमोरियल हॉस्पिटल के ओनर नितिन सिंह नेता और सुधीर सिंह पत्रकार, प्रदोष सिंह ,रंजीत राय महिला बिंग जिलामहासचिव ,मोनिका गौतम, नेहा पटेल ,बलवानी ,शाहिद खान,शिवेंद्र सिंह,किशन गुप्ता,संतोष प्रजापति,मनमोहन यादव ,विशाल कुमार ,जिला व मंडल से आए हुए सैकड़ो की संख्या में वरिष्ठ एवं युवा/ महिला पत्रकार भाइयों एवं बहनों की उपस्थिति रही। इस उक्त अवसर पर पत्रकार समाज कल्याण समिति के नवयुक्त जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह जिला प्रभारी रोहित चौबे,जिला संरक्षक डीके अग्रवाल , संस्थापक/अध्यक्ष बेटी स्वावलंबन सुरक्षा समिति जिला मीडिया प्रभारी अभ्युदय प्रताप सिंह , के द्वारा एवं उनकी पूरी टीम के साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र पहनाकर भव्य माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया गया । वहीं मुख्य अतिथियों द्वारा पत्रकार भाइयों एवं समाज में रहकर समाज सेवा कर रहे समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह एवं जिला संरक्षक डीके अग्रवाल जी के देखरेख जिला प्रभारी रोहित चौबे ने किया एवं संचालन का कार्य श्री सुरेश शर्मा जी एवं जिला मीडिया प्रभारी अभ्युदय प्रताप सिंह जी के सुचारू रूप से संपन्न किया गया वही कार्यक्रम के अंत में पत्रकार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिलेश सिंह द्वारा आए हुए सभी सम्मानित अतिथि एवं पत्रकार भाई बहन और समाजसेवी का हृदय से अभिनंदन और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार में पांच नए आउटलेट खोले

पटना। मुंगेर, बेगूसराय, बांका, सीवान, मुजफ्फरपुर, बिहारः उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार के खड़गपुर (मुंगेर), साहपुर कमाल (बेगूसराय), बौसी (बांका), नौतन (सीवान) और दरहा चौसाझ (मुजफ्फरपुर) में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की है। इन लॉन्च के साथ, बैंक ने बिहार में 272 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1092 आउटलेट खोल दिए हैं।



खड़गपुर, साहपुर कमाल, बौसी, नौतन और दरहा चौसाझ के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट का लाभ मिलेगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद।

बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा,''खड़गपुर, साहपुर कमाल, बौसी, नौतन और दरहा चौसाझ में हमारी नई शाखाओं का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऐतिहासिक महत्व और गंगा के निकट होने के कारण खड़गपुर एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी सांस्कृतिक विरासत अपार है। बेगूसराय में साहपुर कमाल अपनी कृषि जड़ों और औद्योगिक क्षमता के लिए जाना जाता है।

बांका में बौसी एक जीवंत समुदाय है, जिसमें मजबूत उद्यमशीलता की भावना है। सिवान में नौतन आर्थिक गतिविधि और विकास का केंद्र है। मुजफ्फरपुर में दरहा चौसाझ एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है और अवसर बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में अनुकूलित बैंकिंग सेवाएँ लाकर, हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करना और क्षेत्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि में योगदान देना है।

ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुँच है। समूह ऋण के जेएलजी मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनके ऋणों का शीघ्र पुनर्भुगतान करता है।ग्राहक बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, बैंक ग्राहकों को टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता प्राप्त मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से बैंकिंग आउटलेट पर जाए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

## छह बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सिरकोनी विकास खण्ड के मनहन गांव में मंगलवार की दोपहर बिजली के तारों से निकली चिंगारी से कई किसानो की 6 बीघा गेहूं की फसल जल गई। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।उक्त गांव निवासी तारा सिंह, सर्वजीत मौर्य, लालबहादुर मौर्य, गोपाल मौर्य व अन्य किसानों का सटा हुआ खेत है इन्हीं खेतों से गए हुए चकरोड के ऊपर से हाई टेंशन तार गया हुआ है। तेज हवा के चलते बगल में स्थित पेड़ की डाल तार से रगड़ खा रही थी, जिसकी वजह से दोपहर में तार चिनगारी निकालते हुए टूट गया और गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसके बाद धीरे-धीरे आग पूरे खेत में फैल गई। तेज धूप और हवा होने के कारण आग बढ़ती चली गई। लोगो ने इसकी सूचना बिजली और दमकल विभाग को दी ।बिजली कर्मियों ने तत्काल सप्लाई बंद कर दी। दमकल विभाग की गाड़ी जब पहुंची तो आग पर काबू पाया जा चुका था।

## पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स ने शानदार इफ्तार/सुहूर समारोह का किया आयोजन

**मुंबई**। मिठास और आनंद लेने के पलों से भरी एक रात, क्योंकि मेहमान हमारी प्रिय परंपरा के समृद्ध स्वादों में डूबे हुए थे। इस कार्यक्रम में दावत-ए-इफ्तार/सुहूर मनाने के लिए एक दिल को छू लेने वाली सभा को एक साथ लाया गया, जो खुशी और एकता से भरपूर माहौल में था। सच्चे पेंटागन स्टाइल में, समारोह में बोहेमियन और अरबी-प्रेरित सजावट का एक सुंदर मिश्रण दिखाया गया। इस अनूठी डिजाइन ने एक ऐसी जीवन शैली को दशार्या जो कलात्मक अभिव्यक्ति, समुदाय और स्वतंत्रता को महत्व देती है, जिसमें एक काउंटर-कल्चरल टच है जिसने एक आमंत्रित और आरामदेह माहौल बनाया। कॉर्पोरेट नेताओं, धार्मिक अधिकारियों, निपुण पेशेवरों, व्यापार जगत के दिग्गजों, सामाजिक परोपकारी लोगों और शुभचिंतकों व हाजी अली व माहिम दरगाह के ट्रस्टी सुहैल खंडवानी, मुफ़्ती मंजूर जियाई, दै मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दूबे सहित विभिन्न क्षेत्रों के मेहमानों ने इस अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। मेहमानों को एक बेहतरीन इफ्तार परोसा गया, जिसे पारंपरिक स्वादों के साथ परिष्कृत लजीज स्पर्श के साथ मिलाकर तैयार किया गया था। एक प्रतिभाशाली मैंडोलिन कलाकार की भावपूर्ण धुनों ने इस अनुभव को और भी बढ़ा दिया, जिसने शाम के लिए एक शांत माहौल तैयार किया। एक अरबी सुलेख कलाकार ने भी प्रत्येक अतिथि के नाम को हाथ से लिखकर एक व्यक्तिगत स्पर्श जोड़ा, जिससे यह कार्यक्रम और भी खास हो गया।



पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स के सह-संस्थापक रियाज सईद और खुशबू वैद ने कहा, ''यह शाम हमारे आभार व्यक्त करने और रमजान की पोषित परंपरा को साझा करने का हमारा तरीका है।'' यह शाम न केवल भोजन का उत्सव थी, बल्कि रिश्तों, प्रशंसा और साझा सफलता का भी उत्सव थी, जिसने अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए पेंटागन के समर्पण की पुष्टि की। इस दौरान नातिकविजन द्वारा परवेज इकबाल नातिक ने फोटोग्राफी के जरिए सभी मेहमानों की तस्वीर अपने कैमरे में कैद किया।

## अधिकारियों की लापरवाही से पीएम आवास योजना पर लगा घून

**-नानबाबू चौहान**

**बलरमपुर(उत्तरशक्ति)**। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना पर ग्राम पंचायत करमहना में अधिकारियों किलापवाही से आवास योजना पर घून लग गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही पीएम आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को आवास का लाभ दिलाने के लिए ग्राम पंचायत करमहना में सचिव को सर्वे करने का आदेश दिया गई है। कहां गया था कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में लाभार्थियों की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी सरकार द्वारा हमें दी गई है। पीएम आवास योजना सूची जारी करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा पूर्व दिशा निर्देश दीया गया था कि सचिव द्वारा खुले बैठक किया जाए। ग्रामीणों क्षेत्रों में पहले चरण में नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना पाने के लिए सैंकडों लोगो ने आवेदन किया था। सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा सूची लिस्ट जारी करने के लिए स्कूल में खुली बैठक की गई। कहां गया था कि वह नगर में घर -घर जाकर जांच करें व पात्र वालों को प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण निश्चित रूप से लाभ जो गरीबी रेखा के अंदर है वह उठा सके। उन परिवार को कच्चे मकान व घास फूस में निवास कर रहे है, उन लोगों को मिल सकें। इन सर्वेक्षण के अनुसार ऐसे परिवार जो पिछले वर्षो में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रहे है। उन सभी के लिए पात्रताओं के आधार पर लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के जो कच्चे मकान में निवास कर रहा है। तथ पीएम आवास योजना पाने का पत्र है। जब दूसरा चरण में 21 लोगों का सूची में नाम दर्ज किया गया। जब 21 नाम वाली सूची की लिस्ट में लाभार्थियों का नाम लिखा गया था तब वह लिस्ट पत्रकार नान बाबू चौहान हाथ लग गयी। तब पता चला की ग्राम पंचायत करमहना में सचिन व रोजगार सेवक द्वारा 21 नाम वाली लिस्ट ना तो जात-पात का पता है ना तो माता-पिता व पति का नाम लिखा हुआ है ।21 नाम वाले सूची लिस्ट में नाम ढूंढना मुश्किल हो गया। क्योंकि ग्राम पंचायत करमहना में चार गांव है। तब पत्रकार नानबाबू चौहान ने नाम उजागर करने के लिए सचिव को 2 से 3 बार फोन कर पूछना तो रोजगार सेवक व सचिव ने नाम बताने में आनाकानी शुरू की। तब बलरामपुर जिला अधिकारी व विकासखंड अधिकारी बलरामपुर को प्रार्थना पत्र लिखा कर नाम का खुलासा करने का अनुरोध किया गया है। अब लोगों को उम्मीद है की आल्हा अधिकारी इस पत्र आपात की बनाई गई सूची का खुलासा करें जिससे ग्राम के पात्र लोगों को आवास की सुविधा मिल सके। लेकिन कुछ गरीब और जरूरतमंद आजादी के बाद से ऐसे भी है जिन्हें आज तक छात्र नसीब नहीं हुई हैं ।

## वसई में अखिल क्षत्रिय सभा पालघर कमेटी का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**-लालशेखर सिंह**

**पालघर (उत्तरशक्ति)**। वसई 30 मार्च अखिल क्षत्रिय सभा पालघर के तत्वावधान में एवर शाइन सर्कल स्थित बँक्वेट हॉल में क्षत्रिय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे गायक कलाकारों के द्वारा फगुवा,चइता जैसे पारंपरिक लोकगीतों को सुनकर उपस्थित जन समुदाय झूमने लगा। रंग,ठंढई और गीतों के संगम में निश्चल प्रेम को देखकर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेज सिंह ने कहा कि, यही अपनी भूमि अपनी संस्कृति और अपनी परंपराओं का प्रभाव होता है। हमारे त्योहार हमारे उत्साह और ऊर्जा के स्त्रोत हैं,इनका सम्हार और प्रचार हमारा परम कर्तव्य है। पालघर जिला अध्यक्ष रामसिंह और उपाध्यक्ष विनय कुमार, पिंटू सिंह, सुरेंद्र सिंह राज नेता एवं समाजसेवक राज सिंह, मनोज सिंह, बिल्डर अजय सिंह एक परोपकारी व्यक्ति हैं जो समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है। इसी कड़ी में सुभाष सिंह और एस. पी. सिंह के अथक प्रयास से यह भव्य समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि अखिल क्षत्रिय सभा पालघर पूर्व की भाँति इस वर्ष भी समारोह के उद्देय को सफल बनाने के लिए अपने समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया था। संस्था के सेवा कार्यो को देखते हुए इस कार्यक्रम में लोगों के बीच सुप्रसिध्द समाजसेवक एवं उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह, समरस फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ किशोर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह, बिजेंद्र सिंह, समाज विकास क्रांति पार्टी के अध्यक्ष अशोक सिंह 'निकुंभ',पूर्व नगरसेवक मदन सिंह और डॉ महाबली सिंह जैसे सशक्त सामाजिक हस्ताक्षर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर अपने विचारों को रखते हुए संस्था के पदाधिकारियों और क्षत्रिय भाइयों का मार्गदर्शन किया। होली स्नेह सम्मेलन के अंत मे स्नेह भोज में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए ऐसे सुंदर सफल आयोजन के लिए सभी लोगों ने डॉ धीरज सिंह, दीपक सिंह(सिक्युरिटी क) कल्पनाथ सिंह, राकेश सिंह रघुवंशी, पवन सिंह, राना सिंह, राकेश सिंह, सौरभ सिंह (बिल्डर), रमेश सिंह, अतुल सिंह (मुन्ना),एस. पी. सिंह, योगेंद्र सिंह, शिवप्रताप सिंह, विकास सिंह आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो.एवं कवि विवेक सिंह ने किया।



## एसबीआई की सहायक प्रबंधक गिरिजा राजन नंबियार का सेवा संपूर्ति समारोह सम्पन्न



**बोरीवली, मुंबई**। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शिंपोली शाखा में सहायक प्रबंधक पद पर रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली श्रीमती गिरिजा राजन नंबियार की सेवा निवृत्ति के अवसर पर सेवा संपूर्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद जनसेवक गोपाल शेट्टी ने उपस्थित रहकर श्रीमती नांबियार को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और आगे के सेवानिवृत्त जीवन के लिए हृदय से अपनी शुभकामनाएं दीं। जनसेवक गोपाल शेट्टी ने इसी कार्यक्रम में श्रीमती नंबियार को पिछले बीस वर्षों से बैंक की शिंपोली, बोरिवली-पश्चिम शाखा और शंकर लेन, कांदिवली-शाखा आदि स्थानों पर नियमित रूप से लाने और ले जाने श्रमिक कामगार, रिक्शा चालक सरोज तिवारी को भी शाल और श्रीफल प्रदान करके सम्मानित किया ।

## एम.टी.अग्रवाल हास्पिटल के निजीकरण के विरोध में मुलुंड में जनांदोलन




**मुंबई**। मुलुंड प. स्थित एम.टी.अग्रवाल मनपा हास्पिटल का पुनर्निमाण मुंबई मनपा द्वारा 300 करोड़ से भी अधिक खर्च कर 8वर्षों में बहुमंजिला बनवाया गया। परन्तु इमारत बनते ही उसके निजीकरण का प्रयास भाजपा सरकार के इशारे पर मुंबई मनपा प्रशासन द्वारा शुरू कर दिया गया। सरकार एवं मनपा के इस निर्णय के विरोध में महाविकास आघाड़ी के सभी दलों द्वारा कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी के नेतृत्व में बुधवार दिनांक 2.4.25 को प्रातः 11बजे जनांदोलन के रूप में विशाल मोर्चा राकेश शेट्टी के कार्यालय,जवाहर टाकीज के पास,मुलुंड प. से मनपा कार्यालय टी वार्ड पर निकाला जाएगा। इस जनांदोलन में सामाजिक संस्थायें एकता एन.जी.ओ.,युवा ब्रिगेड एसोसिएशन,समता हाकर्स युनियन,कुणबी समाज विकास संघ,महानगरी मित्र मंडल सहित कई संस्थाओं के लोग हिस्सा लेकर निजीकरण का विरोध करेंगे। कांग्रेस नेता राकेश शेट्टी ने कहा है कि भाजपा की नीति चंदा दो, धंधा लो हम मुलुंड में नहीं चलने देंगे।

## चिराना में गाजे बाजे के साथ निकली ईशर- गणगौर कि शाही सवारी



**चिराना**। कस्बे में पारम्परिक रिति-रिवाज के साथ गणगौर पर्व शाही तरीके से मनाया गया व गणगौरी चौक पर आस पास क्षेत्र के लिए मेला भरा।जिसमें खाने पीने की जायकेदार खाद्य सामग्री के साथ खिलौने की दुकानें भी सजी। पौराणिक रिति के अनुसार ईशर -गणगौर कि सवारी पुराने रावलों नाहर,सिंह सुरसिंह की कोटड़ी से निकल कर पहले चारभुजा नाथ मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पुजा अर्चना श्री राजपूत समाज के अध्यक्ष एम एस सिंह शेखावत द्वारा करके ईशर -गणगौर कि सवारी गाजे बाजे व घोडीयों के साथ गणगौरी चौक में पहुंचती है। जहां ग्राम की सर्व समाज कि महिलाओं के द्वारा ईशर-गणगौर कि पुजा अर्चना कि जाती है। इसके साथ ही नवविवाहिताओं के द्वारा सोलह दिन गणगौर पुजन के बाद अंतिम पुजन करके उन्हें विदाई देती है। थोड़ी देर ठहरने के बाद ईशर -गणगौर कि सवारी गणगौर चौक से रवाना होकर पांच पानों में क्षत्राणियों के पुजन हेतु पहुंचती है।इस दौरान प्रशासक राजेन्द्र सिंह शेखावत, दुर्गपाल सिंह,गोवर्धन सिंह,रामावतार अग्रवाल,पाबुदान सिंह,गजेन्द्र सिंह, नरपत सिंह,सूबेदार विरेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह राठौड़,भवानी सिंह,नथु सिंह,प्रभाती लाल सैनी,पुजारी गोवर्धन महाराज,डॉ राजेन्द्र कुमावत, प्राध्यापक महावीर प्रसाद सैनी, शिवराज सिंह,सुरेश सैन,गौरीशंकर सैनी आदि सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## फूल चंद मिश्रा को नाना बनने दी बधाई



**मुम्बई, माटुंगा (उत्तरशक्ति)**। माटुंगा निवासी कैमिकल व्यवसाई फूल चंद मिश्रा को नाना बनने पर मुंबई से मातृभूमि जनपद जौनपुर विकास खंड सुजानगंज पोस्ट मधुपुर ग्राम रोहियांव तथा उनके मुंगराबादशाहपुर गांव हर्षूपुर दादा गामा दुबे के यहां भी खुशी का माहौल है और गाना बजाना शुरू है । रश्मि आंनद दुबे पुत्र रत्न की प्राप्ति 30 मार्च 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 बज कर 55 मिनट पर चूना भट्टी स्थित के जे सोमैया अस्पताल में एक सुशील सुन्दर बालक का जन्म हुआ। मां रश्मि आंनद दुबे व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बता दे रश्मि दैनिक उत्तरशक्ति के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा की भतीजी हैं। पुत्र की प्राप्ति पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्य व मित्र गण मौजूद थे। नानी लीलावती प्रेम चंद मिश्रा , नाना फूल चंद मिश्रा, नानी सीमा मिश्रा, बड़े मामा अरविंद मिश्रा, मामा धिरेन्द प्रेम चंद मिश्रा, मामा प्रशांत मिश्रा (अम्बूज), मामा मामी शैलेंद्र रोशनी मिश्रा, उर्मिला विजय शंकर मिश्रा, बड़ी मामी रंजू मिश्रा , मामी साईली धिरेंद्र मिश्रा, अनूज ,छोटू मिश्रा, नाना नानी विजय चंद उर्मिला मिश्रा, अवधेश मिश्रा रिक्की, बहन दिशा मिश्रा, रितिका, निष्ठा मिश्रा, कियोशा मिश्रा ने भी बच्चे के जन्म दिन पर हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।












# नवरात्र के तीसरे दिन भी माता की आराधना में लीन रहे बनारसी

## मां विन्ध्यवासिनि धाम व मंदिर सहित देवी मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, लगातार हो रहे अनुष्ठान

-सुरेश गांधी

वाराणसी-मिजार्पुर. शहर से लेकर देहात तक में मंगलवार को नवरात्र के तीसरे दिन भी मां के मंदिरों से लेकर घरों तक में पूजन-अर्चन का सिलसिला तड़के शुरू हुआ तो देर रात तक चला। मंदिरों के बाहर भक्तों की भीड़ कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार के बीच मां के जयकारे लगाते रहे। आज भी मां के भक्तों ने मां चंद्रघटा की पूजन-अर्चन के साथ व्रत रखा व दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इस दौरान लोगों ने व्रत रखकर मां का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिले के प्रमुख मंदिरों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसके साथ ही कुछ मंदिरों पर भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

काशी के चौक क्षेत्र में स्थित माता चंद्रघंटा का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं से भरा रहा। यहां भोर में मंगला आरती के बाद से भक्तगण दर्शन और पूजन में लीन रहे। मंदिर में मां का विशेष श्रृंगार गुड़हल और बेला के फूलों से किया गया। इससे देवी का रूप अत्यंत मनोहर दिखाई दिया। भोर में तीन बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए उमड़ पड़ीं। जैसे ही सुबह की आरती और श्रृंगार के बाद मंदिर के पट खुले, पूरा क्षेत्र माता के जयकारों और ₹हर-हर महादेव₹ के उद्घोष से गूंज उठा। भक्तों ने मां चंद्रघंटा के समक्ष श्रद्धा से शीश नवाया और अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने की कामना की। मां चंद्रघंटा धन, ऐश्वर्य, शक्ति और मोक्ष की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। देवी घंटे की ध्वनि से असुरों का संहार करती हैं। मान्यता है कि उनकी पूजा से भक्त को सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है और मृत्यु के पश्चात मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। देवी की कृपा से शत्रुओं का नाश होता है और भक्त आध्यात्मिक तथा आत्मिक शक्ति प्राप्त करता है।



मां विंध्यवासिनी धाम में लाखों भक्तों ने किए दर्शन

विंध्याचल धाम में मंगलवार को भी भक्तों की कतार लगी रही। माता के जयकारे से पूरा धाम गूंज उठा। आस्थावानों ने दर्शन पूजन कर मंगल कामना की। भोर में दिव्य मंगला आरती और भव्य श्रृंगार पूजन उपरांत विंध्यवासिनी माता के अलौकिक स्वरूप का दर्शन कर भक्त निहाल हो उठे। देवी मंदिरों में सुबह से देर रात आदिशक्ति जगत जननी के जय जयकार गूंजते रहे। चैत्र नवरात्र मेला के तीसरे दिन देश के कोने- कोने से आए भक्तों ने देवी दरबार में मत्था टेका। गंगा स्नान कर घंटों कतार में खड़े होने के उपरांत धाम पहुंचे श्रद्धालु माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर निहाल हो उठे। विंध्य दरबार में महिला, पुरुष और बच्चे माता की भक्ति में तल्लीन नजर आए। मंदिर पहुंचे श्रद्धालु माता की एक झलक पाने को बेताब दिखे। घंटा, घड़ियाल, शंख के साथ बजते नगाड़े की धुन के बीच पहाड़ावाली के जयघोष से संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। धाम की छत पर जगह- जगह आसन पर बैठे साधकों का पूजन अनुष्ठान अनवरत चलता रहा। वहीं अष्टभुजा पहाड़ पर भी दूरदराज से आए संत महात्मा और साधक विविध मंत्रों के बीच आदिशक्ति के पूजन अनुष्ठान में तन्मयता से तल्लीन नजर आए। त्रिकोण परिक्रमा पथ पर विराजमान महाकाली और मां अष्टभुजी के दरबार में भी सुबह से दर्शन पूजन का सिलसिला अनवरत चलता रहा। श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं के द्दष्टिगत देवी धाम क्षेत्र में प्रशासनिक तौर पर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। गंगा घाटों पर स्नान ध्यान करने के लिए भक्तों का रेला लगा रहा। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के उपरांत श्रद्धालु गलियों में भ्रमण कर सजी दुकानों से जरूरत के सामानों की खरीदारी की। दूसरे दिन मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के द्दष्टिगत प्रशासन की तरफ से बेहतर इंतजाम नजर आए वहीं श्री विंध्य पंडा समाज के पदाधिकारी भी दर्शनार्थियों की सेवा में जुटे रहे।

## राजन नाइक ने किया जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन



वसई रोड(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विरार पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती ममता विश्वासराव म्हात्रे और श्रीमती गजाला शेख द्वारा ग्लोबल सिटी, विरार पश्चिम में स्थापित नए जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन नालासोपारा विधायक राजन नाइक द्वारा किया गया। जनसेवा के लिए स्थापित यह सेवा केन्द्र नागरिकों की समस्याओं एवं कठिनाइयों के समाधान के लिए सदैव उपलब्ध रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेवा निश्चित रूप से नागरिकों के लिए मददगार साबित होगी और उन्होंने म्हात्रे ताई और शेख ताई को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील के साथ वरिष्ठ नेता जोगेंद्र प्रसाद चौबे, कोषाध्यक्ष हरेंद्र पाटिल, जिला महासचिव अभय कक्कड़ एवं जिला मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा में शामिल हुई विधायक स्नेहा दुबे पंडित





वसईरोड (उत्तरशक्ति)। गुड़ी पड़वा एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर वसई विधानसभा में शाम को विभिन्न स्थानों पर आयोजित भव्य परेड में वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित शामिल हुई। इस परेड का विशेष आकर्षण पारंपरिक वेशभूषा, ढोल की थाप, घुड़सवार, बैलगाड़ी और महिलाओं की लेज़िम मंडली थी। ढोल-नगाड़ों की ध्वनि से पूरा वातावरण आनंदमय हो गया। कार्यक्रम में नंदकुमार महाजन, शिंदेगुट जिला अध्यक्ष नीलेश तेंडोलकर, वसई विधानसा प्रमुख मनोज पाटिल, नीलेश भानुसे, योगेश भानुसे, मुकुंद मुले, अमित पवार, श्रीमती सुचिता शेट्टी, मनमित राऊत, श्रीमती राजल नाइक, संतोष काकड़, श्याम भाऊ पाटकर, सुशील ओगले, किशोर वैती, अक्षय कदम और सभी वसईकर नागरिक, सभी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वसई विधानसभा प्रभारी का स्नेहा दुबे ने किया सम्मान



वसई (उत्तरशक्ति)। 133. वसई विधानसभा चुनाव 2024 में एक व्यक्तित्व द्वारा इस चुनाव के रणनीतिकारों, बूथ समितियों, जिला और राज्य पदाधिकारियों के साथ बातचीत करके चुनाव की सटीक भविष्यवाणी की गयी थी। उन्होंने स्नेहा दुबे को चुनाव जीतने प्रमुख भूमिका निभाई थी। वह सूरत महानगरपालिका के नगरसेवक एवं वसई विधानसभा चुनाव 2024 के वसई के चुनाव प्रभारी दिनेश राजपुरोहित थे। दिनेश राजपुरोहित के सूरत स्थित निवास पर वसई विधानसभा की पूरी टीम जाकर मुलाकात की। दिनेश राजपुरोहित और उनकी टीम को वसई विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता के लिए धन्यवाद किया और स्नेहा दुबे पंडित ने सम्मान करके आभार व्यक्त किया गया। जिससे 35 वर्षों की सत्ता समाप्त हो गई। इस मौके पर वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित के साथ पार्षद दिनेश राजपुरोहित, अशोक भाई राजपुरोहित, कैलाश अकीम, गौतम बागले,राजेश पटेल, पी. एम. पटेल, राजा रायपुरिया, विक्रम भाई मोहब्बतनगर, आशीष पटेल, संजय पटेल, चिंटू भाई, विशाल भाई, प्रवीण भाई, रमेश भाई, बजरंगी भाई, मांगीलाल भाई एवं भाजपा वसई विधानसभा की पूरी टीम उपस्थित रही।

## डोंबिवली से स्वास्तिक सुरेश मिश्रा लापता



डोंबिवली। दावड़ी गांव में रहने वाले स्वास्तिक सुरेश मिश्रा घर से सुबह विद्यालय के लिए कहकर निकले। लेकिन वह वापस घर नहीं आए। अधिक विलंब होने पर परिजन चिंता करने लगे अगल बगल खोज बिन किए। पर कोई पता नहीं लगा। विद्यालय जाकर पता किया तो पता चला कि बच्चा विद्यालय आया ही नहीं था, जबकि वह घर से विद्यालय जा रहा हूं कहकर निकला था। स्वास्तिक सुरेश मिश्रा एक होनहार बच्चा है। परिवार के लोगों की खोजबीन शुरू है। पर कहीं पता नहीं चल रहा है। स्वास्तिक के परिवार जनों ने पुलिस में एफ आई आर दर्ज करा दिया है। पर दुख की बात यह है कि आज स्वास्तिक सुरेश मिश्रा को लापता हुए 7 से 8 दिन हो गए। अभी तक पुलिस के हाथ खाली ही है कोई सूचना नहीं है। सुरेश के भाई राकेश मिश्रा रात दिन खोज रहे है। अभी तक स्वास्तिक सुरेश मिश्रा के मिलने की कोई सूचना हैं। जैसे जैसे दिन बढ़ रहा है, वैसे वैसे इधर परिवार के लोग परेशान हैं कि बालक गया कहां है। इन दिनों कल्याण डोंबिवली में इस तरह के कई प्रकरण सामने आए हैं, जो चौंकाने वाले भी हैं। स्वास्तिक मिश्रा कक्षा आठ का विद्यार्थी होनहार लड़का है उसके इस तरह से लापता हो जाने से परिवार सदमे में है। यहां से लेकर गांव तक परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में हर दिन चक्कर लगा लगाकर परिजन थककर निराश है, यदि किसी सज्जन को स्वास्तिक मिश्रा के बारे में कोई जानकारी मिले तो इस मो.न.7007308937/ 9920070327 पर संपर्क करने की कृपा करें।

# म्यांमार भूकंप में ढह गई थी स्कूल की इमारत, मारे गए प्रीस्कूल के 50 बच्चे

बैंकाक। म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 की तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,700 से अधिक हो गई है जबकि हजारों लोग घायल है। मरने वालों में भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित मांडले शहर के एक प्रीस्कूल के 50 बच्चे और दो शिक्षक भी शामिल हैं।

भूकंप से यह स्कूल जमींदोज हो गया था। म्यांमार के सबसे प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे सहायता समूहों ने कहा है कि भूकंप के बाद प्रभावितों को आश्रय, भोजन और पानी की तत्काल दरकार है। जनजीवन अभी भी बुरी तरह अस्त-व्यस्त हैं।



'वेस्टर्न न्यूज' वेबसाइट पर जारी खबर के अनुसार, म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख एवं वरिष्ठ जनरल मिन आंग इंग ने राजधानी नेपिता में बताया कि भूकंप के कारण अब तक 2,719 लोगों की मौत हो गई है जबकि 4,521 व्यक्ति घायल हैं। अभी भी 441 लोग लापता हैं।

भूकंप से प्रभावित कई क्षेत्रों में अब भी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं, इसलिए मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है और यह 3,000 का आंकड़ा पार कर सकती है। मंगलवार को म्यांमार की राजधानी में भूकंप के बाद बचावकर्मियों ने प्राकृतिक आपदा के 91 घंटे बाद एक 63 वर्षीय महिला को मलबे से सुरक्षित निकाला। वैसे जैसे-जैसे वक्त बीतता जा रहा है, मलबे में दबे लोगों के जीवित बचने की उम्मीदें क्षीण होती जा रही हैं। हालांकि म्यांमार में भूकंप के बाद बचाव कार्य जारी हैं, लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, 72 घंटे के बाद बचे लोगों को खोजने की संभावना काफी कम हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि म्यांमार के मध्य और उत्तर-पश्चिम में 10,000 से अधिक इमारतें ढह गई हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं।

विदेशी सहायता कर्मी धीरे-धीरे बचाव प्रयासों में मदद के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन भारी मशीनरी की कमी के कारण राहत कार्य युद्ध स्तर पर नहीं चल पा रहे हैं। म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि एक चीनी बचाव दल ने चार लोगों को बचाया है, जिनमें एक पांच वर्षीय बच्चा और एक गर्भवती महिला शामिल हैं।

## कलशारोहण समारोह भक्तिमय वातावरण में संपन्न



वसई रोड (उत्तरशक्ति)। विरार अगाशी में प्राचीन परंपराओं के साक्षी आगासी स्थित भवानी शंकर मंदिर का कलशारोहण समारोह बड़े ही उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। जहां भवानी शंकर मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि संस्कृति, आस्था और परंपरा की गौरवशाली विरासत है। सदियों से भक्तों की श्रद्धा का केन्द्र रहे इस पवित्र मंदिर का कलशारोहण समारोह में लोगों को उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आध्यात्म, परंपरा और भक्ति के संगम इस पावन अवसर पर भगवान शिव की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई और आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर आगाशी देवस्थान निधि बोर्ड की ओर से नालासोपारा विधायक राजन नाइक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील, देवस्थान मंडल के अध्यक्ष माधव म्हात्रे, शैलेश जाधव, कमलेश थोपटे, नयन खेडेकर, वरुण पुरंदरे, मंडल अध्यक्ष कपिल म्हात्रे, सरपंच विजय पाटिल, युग वर्तक, श्रेयसी पेठे, अन्य गणमान्य व्यक्ति, देवस्थान मंडल के कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## कैब ड्राइवर ने जर्मन महिला के साथ किया रेप, शहर घुमाने के बहाने ले गया था साथ

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद के पहाड़ी शरीफ थाना क्षेत्र में सोमवार को एक स्थानीय टैक्सी चालक ने विदेशी महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार पीड़िता की पहचान एक जर्मन नागरिक के रूप में हुई है और वह एक सप्ताह पहले जर्मनी में पढ़ाई करने वाले एक स्थानीय युवक से मिलने हैदराबाद आई थी। अपने प्रवास के दौरान उसने दोस्तों के साथ शहर में कई जगहों का भ्रमण किया। सोमवार रात टैक्सी चालक ने उसके दोस्तों को उनके घरों पर छोड़ने के बाद हवाई अड्डे के रास्ते में उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। यह घटना ममीडिपल्ली में हुई। महिला ने 100 नंबर डायल करके पुलिस को सूचित किया। अधिकारियों ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी का पता लगाने के लिए विशेष टीमों का गठन करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## एडब्लूएल ने फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स लॉन्च किया

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी खाद्य एफएमसीजी कंपनियों में से एक, एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (जिसे पहले अदाणी विल्मर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज बीटूबी और होरेका सेगमेंट के लिए अपने बढ़ते उत्पाद बास्केट में फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स को शामिल करने की घोषणा की। भरोसेमंद फॉर्च्यून ब्रांड पर आधारित, फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स तीन वैरिएंट में उपलब्ध होगा - क्लासिक वेनिला, प्रीमियम वेनिला और प्रीमियम चॉकलेट, जो असाधारण केक बनाने के लिए एक बहुमुखी आधार प्रदान करता है। यह उत्पाद बेकरी शेफ, पेस्ट्री शेफ, प्रोक्योरमेंट मैनेजर, होम बेकर्स, क्लाउड किचन और कैटरिंग उपयोग कताओं के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को लक्षित करता है, जो उन्हें एक भरोसेमंद और बेहतर बेकिंग समाधान प्रदान करता है।

प्रोडक्ट का अंडा रहित और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं का ध्यान रखता है। उत्पाद की गुणवत्ता हर बार एक जैसा परिणाम और स्वादिष्ट, उच्च गुणवत्ता वाला स्वाद सुनिश्चित करती है। सुव्यवस्थित और त्वरित खाना पकाने की तैयारी व्यस्त रसोई के वातावरण में मूल्यवान समय बचाती है, और प्रीमिक्स अद्वितीय टॉपिंग, फिलिंग और स्वाद जोड़ने के लिए एक खाली कैनवास प्रदान करता है, जो बहुमुखी प्रतिभा और अनुकूलन प्रदान करता है। मुकेश मिश्रा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट- सेल्स और मार्केटिंग, एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड ने कहा,₹कई सालों से, एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड बी2बी और होरेका सेगमेंट के लिए एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रदान करता है जिस पर पेशेवर भरोसा करते हैं। फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स इस प्रतिबद्धता का एक स्वाभाविक विस्तार है। हमने अपने भागीदारों की बात सुनी है और एक ऐसा उत्पाद विकसित किया है जो बेकिंग प्रक्रिया में स्थिरता, दक्षता और बहुमुखी प्रतिभा की उनकी जरूरत को पूरा करता है। यह फॉर्च्यून ब्रांड से जुड़े भरोसे और गुणवत्ता का लाभ उठाता है। बेकरी सेगमेंट में अपने स्थान को मजबूत करने के उद्देश्य से फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स का लॉन्च ब्रांड द्वारा उद्योग के लिए नए और विश्वसनीय समाधान पेश करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उत्पाद देश भर के शहरी बाजारों में उपलब्ध होगा, जो स्थिरता और स्वाद को महत्व देने वाले बीटूबी और होरेका सेगमेंट की उभरती मांगों को पूरा करेगा।

## बेरूत में कहर बरपा रही इजरायली सेना, हवाई हमले में हिजबुल्ला कमांडर समेत चार आतंकी ढेर



बेरूत। इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के एक उपनगर में हवाई हमला किया, जिसमें हिजबुल्ला का एक कमांडर समेत चार लोग मारे गए। लेबनान के एक सुरक्षा अधिकारी ने मंगलवार को हमले की जानकारी दी। इस ताजा हमले से इजरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम खतरे में पड़ गया है। इजरायली सेना ने कहा कि हसन बदीर हिजबुल्ला की एक इकाई और ईरान के कुद्स बल का सदस्य था। उसने इजरायली नागरिकों के खिलाफ हमले की साजिश रचने में हमास की मदद की थी। इधर, हिजबुल्ला ने भी हसन और उसके बेटे के मारे जाने की पुष्टि की है। उसका बेटा भी हिजबुल्ला का सदस्य था। जबकि लेबनान के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि हसन मध्यम श्रेणी का कमांडर था। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हवाई हमले में एक महिला समेत चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। हिजबुल्ला के नियंत्रण वाले बेरूत के उपनगर में पांच दिनों में दूसरी बार इजरायल ने हवाई हमला किया है। इजरायल के हवाई हमले में गाजा में एक फलस्तीनी पत्रकार, उसकी पत्नी और बच्चों की मौत हो गई। मोहम्मद सलाह हमास से संबद्ध अक्सा रेडियो से जुड़ा था। जबकि इजरायली हिरासत में वेस्ट बैंक के एक 17 वर्षीय फलस्तीनी की मौत हो गई। वह बगैर किसी आरोप के छह महीने से हिरासत में था। मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। इस बीच, इजरायली सेना ने राकेट हमले के बाद उत्तरी गाजा के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। यमन के हाउती विद्रोहियों ने मंगलवार को दावा किया कि उसने एक और अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। हाउती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने पहले से रिकार्ड वीडियो संदेश में अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया। इधर, अमेरिका ने हाउती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए हवाई हमलों को तेज कर दिया है।

## बच्चियों से पड़ोसी ने की रेप करने की कोशिश, पकड़े जाने के डर से आरोपी ने खाया जहर

कोडरमा। झारखंड में कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के बेलाटाड़ हलवाई मोहल्ले में एक बुजुर्ग ने बच्ची के साथ दुष्कर्म का असफल प्रयास किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में एक वृद्ध को गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। बच्ची के परिजनों के मुताबिक, उनकी दोनों बच्ची क्रमशः 6 व 4 वर्ष बीती शाम दूध लाने के लिए बाबू यादव के घर गई थी। इस क्रम में बाबू यादव बच्ची को अपने रूम में ले गया और गलत हरकत करने लगा। बच्चियों के काफी देर तक घर नहीं लौटने पर मां ने खोजबीन की जहां बाहर खड़ी उसकी छोटी बच्ची ने सारी बात बता दी। बच्ची की मां ने देर किए बिना बाबूलाल के घर के अंदर गई और वहां का द्दश्य देखकर वह हैरान हो गई। इधर, लोक-लाज के डर से बाबू यादव ने विषपान कर लिया। आसपास में माहौल बिगड़ने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया।

## उत्तर प्रदेश में नई आबकारी नीति लागू, अब शराब और बीयर एक ही दुकान से मिलेगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आबकारी नीति 2025-26 मंगलवार से लागू हो गयी जिसके तहत अंग्रेजी शराब और बीयर एक ही दुकान से उपभोताओं को मिल जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने मंगलवार को ह्यपीटीआई-भाषा' को बताया कि उत्तर प्रदेश आबकारी नीति 2025-26 लागू हो गयी है। इसके पहले आबकारी विभाग ने एक बयान में कहा कि नयी नीति के तहत अंग्रेजी एवं विदेशी शराब और बीयर की अलग-अलग दुकानों की जगह संयुक्त दुकानें बनायी जा रही हैं, जिससे दुकानों की संख्या बढ़ाए बिना खुदरा घनत्व में वृद्धि होगी। बयान में कहा गया है कि कम से कम 400 वर्ग फीट क्षेत्रफल वाली और अन्य शर्तों को पूरा करने वाली संयुक्त दुकानें ह्यमॉडल शॉप' में परिवर्तित हो सकती हैं एवं ग्राहकों को शराब परोस सकती हैं। बयान के अनुसार देशी शराब की दुकानों को कुछ शर्तों के साथ बीयर बेचने का भी विकल्प दिया गया है। नोएडा, गाजियाबाद, आगरा और लखनऊ में कम अल्कोहल वाले बार (केवल बीयर और वाइन परोसने वाले) शुरू किए गए हैं। विकास प्राधिकरणों और औद्योगिक क्षेत्रों में 20,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले आईटी और आईटीईएस प्रतिष्ठानों में बार एवं प्रीमियम खुदरा दुकानें खोली जा सकेंगी। बयान के अनुसार दुरुपयोग को रोकने के लिए ह्यइवेंट बार लाइसेंस' को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। डिस्टिलरी', वाइनरी' और ब्रूअरीज' में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में फरवरी में हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति को मंजूरी दी थी, जिसमें शराब और भांग की दुकानों के आवंटन के लिए ई-लॉटरी प्रणाली की शुरूआत सहित कई प्रमुख बदलाव किए गए। सरकार ने पहली बार ₹कम्पोजिट शॉप्स₹ की अवधारणा भी पेश की है, जिसमें अलग-अलग बीयर और विदेशी शराब की दुकानों को एक इकाई में मिला दिया गया है।




